राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 98 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



ब्रह्मचारिणी माँ की नवरात्र पर्व के दूसरे दिन पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं।


## आदर्श विचार



"सही कर्म वह नहीं है जिसके परिणाम हमेशा सही हो बल्कि सही कर्म वह है जिसका उद्देश्य कभी भी गलत ना हो।"

-भागवद् गीता

## मन की बात



"तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता।"

-स्वामी विवेकानंद

# 'मोदी के लिए भारत ही परिवार'

= जो लोग अपना खजाना भरने के लिए राजनीति में आए हैं, उन्हें मोदी को धमकी नहीं देनी चाहिए... : पीएम मोदी

**चुनावी सरगर्मी**

8 दुनिया के बड़े-बड़े देश, आपस में युद्ध कर रहे देश, भारत से अपने मुद्दों पर बात करने के लिए आते हैं : पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के बालाघाट में विशाल जनसभा को संबोधित किया। हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और बढ़ते हुए भारत के कद का जिक्र किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "कभी कांग्रेस सरकार अपनी शिकायतें लेकर दूसरे देशों के पास जाती रहती थी, लेकिन आज वक्त बदल चुका है।



दुनिया के बड़े-बड़े देश, आपस में युद्ध कर रहे देश, भारत से अपने मुद्दों पर बात करने के लिए आते हैं। अपने देश का ये रुतबा देखकर हर हिंदुस्तानी का हौसला बुलंद हो जाता है।"

**फिर एक बार मोदी सरकार- पीएम मोदी:** पीएम ने मध्य प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव को याद करते हुए कहा कि 4-5 महीने पहले विधानसभा चुनाव में यहां आप लोगों ने मिलकर कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर दिया है। अब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लोग भाजपा से नहीं लड़ रहे हैं, एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। इसलिए मध्य प्रदेश के कोने-कोने से आवाज आ रही है, 'फिर एक बार मोदी सरकार।'

**मोदी भक्त है महाकाल का:** प्रधानमंत्री ने रैली में खुद को भगवान हमाकाल का भक्त बताया। उन्होंने कहा, "मोदी के लिए मेरा भारत ही मेरा परिवार है। जो लोग अपना खजाना भरने के लिए राजनीति में आए हैं, उन्हें मोदी को धमकी नहीं देनी चाहिए... 'मोदी भक्त है महाकाल का'। मोदी देश की जनता के सामने या महाकाल के सामने ही झुकता है।"

**आजादी के आंदोलन को लेकर कांग्रेस पर हमला:** उन्होंने आगे भी आजादी के आंदोलन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला किया। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस बहुत ही पुरानी सोच पर चली। एक तो उनके मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था और सामान्य मानवी ने जो आजादी के आंदोलन में त्याग किया, तपस्या की और बलिदान दिया, उसे सत्ता में आते ही कांग्रेस ने नकार दिया।

**वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही भाजपा सरकार:** पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही है। भाजपा ने समाज के उस दलित-पिछड़ा-आदिवासी वर्ग को सम्मान दिया है, जिसे पिछली सरकारों ने पहचानने से भी वंचित रखा था।

## पीलीभीत में पीएम मोदी की चुनावी सभा में नहीं आए सांसद वरुण गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पीलीभीत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को लेकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने तराई की सियासी जमीन से सिख मतदाताओं को भी साधने का प्रयास किया। पीलीभीत में पीएम मोदी ने पहली बार चुनावी सभा की, लेकिन जिले के सांसद वरुण गांधी नहीं आए। और न ही किसी की जुबान पर उनका जिक्र आया। भाजपा के पोस्टर-बैनर से भी वरुण गांधी गायब रहे। प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी रैली के मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यमंत्री संजय गंगवार, बरेली के सांसद संतोष गंगवार, प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार और पीलीभीत के प्रत्याशी जितिन प्रसाद मौजूद रहे। बता दें कि पीलीभीत से भाजपा ने वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। जितिन प्रसाद शाहजहांपुर के रहने वाले हैं और यूपी सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री हैं।

## 'असम में पीएम मोदी के 10 साल विकास के रहे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**असम:** अमित शाह ने असम के उत्तरी लखीमपुर में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस मौके पर कहा कि आने वाले चुनाव में आपके सामने दो विकल्प हैं। शाह ने दो विकल्प देते हुए कहा कि एक विकल्प राहुल बाबा के नेतृत्व में इंडिया अलायंस हैं और दूसरी और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा है। आपको ये तय करने के लिए वोटिंग करनी है कि आने वाले 5 साल के लिए पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और 400 पार के लक्ष्य के साथ फिर एक बार भाजपा की सरकार बनेगी।

**'19 जून को यह तय करने का दिन की पीएम कौन होगा':** अमित शाह ने इस मौके पर कहा, "19 जून को आप सभी को यह तय करना होगा कि आप किसे संसद सदस्य के रूप में चाहते हैं, किस पार्टी को सत्तारूढ़ सरकार बनानी चाहिए और आपका प्रधानमंत्री कौन होगा।"

## बीआरएस ने ईसी से की राहुल की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद (तेलंगाना):** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है और आरोप लगाया है कि उन्होंने चुनाव नियमों का उल्लंघन किया है। चुनाव आयोग को सौंपे गए बीआरएस पत्र के अनुसार, राहुल गांधी ने अपनी हालिया यात्रा के दौरान चुनाव नियमों का उल्लंघन किया। पेस्टी ने कहा कि 6 मार्च को थुक्कुगुडा सार्वजनिक बैठक में उन्होंने बिना कोई सबूत दिए टेलीफोन टैपिंग मामले का "निराधार संदर्भ" दिया और उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पार्टी ने कहा, बीआरएस नेता कर्ण प्रभाकर और दासोजू श्रवण ने पार्टी की ओर से चुनाव आयोग से शिकायत की। बीआरएस ने चुनाव आयोग से राहुल गांधी के बयानों की त्वरित जांच करने का आह्वान किया और उनके दावों के सबूत की मांग की।

# सीएम केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका

**याचिका खारिज**

8 कोर्ट ने कहा कि याचिका जमानत के लिए नहीं है। याचिका में याचिकाकर्ता ने हिरासत को गलत बताया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि याचिका जमानत के लिए नहीं है। याचिका में याचिकाकर्ता ने हिरासत को गलत बताया है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा ने याचिका को खारिज कर दिया। वहीं, आम आदमी पार्टी के सूत्रों से खबर मिल रही है कि 'आप' हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं है। केजरीवाल हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ कल ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



### सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध: एएसजी एसवी

**दिल्ली** शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे एएसजी एसवी राजू ने कहा, 'जज ने सभी सबूत देखने के बाद फैसला सुनाया और कोर्ट ने भी कहा उस मनी ट्रेल का पता चल गया है। कोर्ट ने आज न्याय किया है और कोर्ट ने कहा है कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध है।' राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'आम आदमी पार्टी का अहंकार चकनाचूर हो गया है।

खटखटा सकते हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने तीन अप्रैल को लंबी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कहा हमारा मानना है कि न्यायाधीश कानून से बंधे हैं, राजनीति से नहीं। फैसले कानूनी सिद्धांतों के आधार पर दिए जाते हैं, राजनीतिक विचारों के आधार पर नहीं। अदालत राजनीति के दायरे में नहीं जा सकती। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के बाद के रिमांड आदेशों को भी बरकरार रखा, जिसमें वह आदेश भी शामिल था जिसके माध्यम से केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

## महाराष्ट्र में एमवीए के बीच सीट शेयरिंग फाइनल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। महाराष्ट्र की 48 में से 21 सीटों पर शिवसेना (उद्धव गुट), 17 सीटों पर कांग्रेस और 10 सीटों पर शरद गुट अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुंबई में मंगलवार (9 अप्रैल) को तीनों दलों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सीट शेयरिंग के फॉर्मूले का ऐलान किया गया है।

# 'हम आपके इलाकों के नाम बदल दें तो...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नामसाई:** आगामी चुनावों से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने (9 अप्रैल) अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। यहां उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया।

इस दौरान सिंह ने चीन के दावे पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के



तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं।

मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जायेंगे? रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है।'

# मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड सिक्योरिटी मिली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को केंद्र सरकार ने सिक्योरिटी दी है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की खुफिया रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने मंगलवार (9 अप्रैल) को उनकी सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स को 40-45 कर्मियों की टुकड़ी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। लोकसभा चुनाव के चलते संभावित खतरों को देखते हुए केंद्र सरकार ने



राजीव कुमार की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया है। सीआरपीएफ के कमांडो हर वक्त राजीव की सुरक्षा में रहेंगे। राजीव कुमार ने 12 मई 2022 को भारत के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद संभाला था। सितंबर 2020 में उन्हें पोल बॉडी का इलेक्शन कमीशनर बनाया गया था। किसी सीईसी को केंद्रीय सुरक्षा कवर दिए जाने का यह पहला मामला है। पूर्व सीईसी दिवंगत टी एन शेषन को एक समय केंद्रीय सुरक्षा कवर प्राप्त था। सीईसी राजीव कुमार की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ कमांडो सहित कुल 22 सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत और चीन के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर विवाद बढ़ चुका है। कुछ दिनों पहले चीनी सरकार ने राज्य के विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की। ड्रैगन के इस नापाक हरकत पर मोदी सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। इसी बीच पीएम मोदी ने भी चीन के इस फैसले की घोर निंदा करते हुए प्रतिक्रिया दी है। असम ट्रिब्यून को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा," अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है, था और हमेशा रहेगा।"

**पीएम मोदी ने सेला टनल का किया जिक्र:** वहीं, पीएम मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में बने 'सेला टनल' के महत्व का भी जिक्र किया। बता दें कि ये दुनिया की सबसे लंबी डबल-लेन टनल है।

**दो टूक**

8 कुछ दिनों पहले चीनी सरकार ने राज्य के विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की

यह एक वास्तविक रणनीतिक गेम-चेंजर है, जो तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करता है। उन्होंने पूर्वी-उत्तर भारत के विकास का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये क्षेत्र नए भारत की सबसे बड़ी सफलता की कहानी के रूप में उभरा है। जानकारी के मुताबिक इस सुरंग की वजह से चीन सीमा तक की दूरी लगभग 10 किमी तक कम हो गई है।

## बंगाल में चुनाव ड्यूटी पर तैनात होंगी सीएपीएफ की 100 और कंपनियां

**टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी कार्रवाई कर रही है। चुनाव आयोग ने गृह मंत्रालय को पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) की 100 और कंपनियां तैनात करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर गृह मंत्रालय द्वारा सीआरपीएफ की 55 कंपनियां और सीमा सुरक्षा बलों की 45 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। अधिकारियों को 15 अप्रैल या उससे पहले पश्चिम बंगाल में सीएपीएफ की अतिरिक्त 100 कंपनियों की तैनाती पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

# 'हम राम के पुजारी हैं, वो राम के व्यापारी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले सियासी बाजार गर्म है। भाजपा और कांग्रेस के बीच जमकर बयानबाजी जारी है। राम मंदिर को लेकर भी सियासत देखने को मिल रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए।

**भाजपा राम की व्यपारी है:** जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सदस्य भगवान राम के उपासक हैं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को इस साल जनवरी में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को सम्मानपूर्वक



अस्वीकार करने के पार्टी के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भव्य भगवान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान का नेतृत्व किया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर "धर्म का राजनीतिकरण" करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह धर्म और राजनीति को भी नीचे लाता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वे "राम के व्यापारी" हैं, जबकि कांग्रेस सदस्य देवता के "पुजारी (उपासक)" हैं।

**22 जनवरी का जश्न राजनीतिक था- जयराम रमेश:** जयराम रमेश ने कहा, 22 जनवरी का जश्न राजनीतिक था। यह एक राजनीतिक व्यक्ति के लिए किया गया था। हम राम के उपासक हैं और वे (भाजपा) राम के व्यापारी हैं। दिलचस्प बात यह है कि आज मेरा जन्मदिन है।



# भाजपा के नेतृत्व में विदेशों में बढ़ी देश की साख: सीएम सैनी

रैली

8 देश की दशा व दिशा बदली भाजपा सरकार ने, जनता में न्याय की उम्मीद बंधी, सीएम ने रणजीत के समर्थन में रैली की



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने 10 वर्ष के शासनकाल में देश, प्रदेश की दशा व दिशा बदली है। जनता में न्याय में उम्मीद बंधी है, विश्व स्तर पर भारत की साख बढ़ी है और देश उन्नति के पथ पर आगे बढ़ा है। वे मंगलवार को उकलाना अनाज मंडी में लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह के समर्थन में समरस विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष एवं रैली संयोजक डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने चेत्र नवरात्र व विक्रमी नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि 10 वर्ष के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा है और विश्वभर में भारत के नाम का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां देश के विकास पर ध्यान दिया है वहीं गरीब कल्याण की दिशा में विशेष कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री की सोच का ही कमाल है कि आज देश का कोई भी गरीब व जरूरतमंद भूखा नहीं सोता। इसके लिए हर देशवासी प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता है। उन्होंने कहा कि धारा 370 समाप्त करके प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का खात्मा किया। आज हम गर्व से जम्मू कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराकर भारत माता की जय के नारे लगा सकते हैं जबकि कांग्रेस शासन में ऐसा संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास को नई गति दी है। हिसार के राखी गढ़ी को विश्व के मानचित्र पर लाने का कार्य भाजपा सरकार ने ही किया है।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि रैली को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक विनोद भ्याणा, सत्यप्रकाश जरावता, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल व हिसार जिला प्रभारी जवाहर सैनी सहित अन्य ने संबोधित किया और वोटों की अपील की। रैली में उपरोक्त के अलावा चेयरमैन अमरपाल राणा, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, लोकसभा संयोजक रवि सैनी, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, विधानसभा संयोजक रामफल नैन, सीमा गैबीपुर, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी सहित हिसार लोकसभा क्षेत्र से भारी संख्या में पहुंचे पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीएम सैनी ने रोहतक चुनाव को लेकर नरेश कौशिक से की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** भारतीय जनता पार्टी के रोहतक लोकसभा क्षेत्र संयोजक नरेश कौशिक के साथ सोमवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक क्षेत्र लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। कौशिक ने सैनी को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में चुनाव प्रचार धुंआधार ढंग से चल रहा है और पार्टी प्रत्याशी की बड़े अंतर से जीत होगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पार्टी के कई कार्यकर्ता भी कौशिक के साथ रहे। हरियाणा निवास में हुई मुलाकात दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व पार्षद जसबीर सैनी, पूर्व शहरी मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र, विनोद कुमार समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं ने लोई ओढ़ाकर कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक व कार्यकर्ताओं के साथ रोहतक लोकसभा सीट के चुनाव, भाजपा सरकार दौरान बहादुरगढ़ में हुए अब तक विकास कार्यों, पार्टी संगठन को मजबूत करते रहने व लोकसभा चुनाव के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पार्टी से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कार्यकताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने अंत्योदय कर भावना से सेवा कार्य किया है और कल्याणकारी योजनाएं बनाकर पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत

दर्दनाक हादसा

8 पुलिस ने मंगलवार को दोनों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

हिसारः सिरसा रोड पर बीएसएफ कैंप के पास मंगलवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक के बीच भिड़ंत में ढंढूर बीड़ निवासी दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों दोस्त वेल्डिंग का काम करते थे। पुलिस ने मंगलवार को दोनों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। सदर पुलिस को दी शिकायत में ढंढूर निवासी राम निवास ने बताया कि वह खेती का काम करता है। मंगलवार सुबह बाइक से अग्रोहा से अपने घर गांव ढंढूर आ रहा था। उसकी बाइक के आगे गांव के ही दो युवक अमित व मोती लाल अपनी बाइक से अग्रोहा की तरफ आ रहे थे। बाइक अमित चला रहा था और मोती लाल उसके पीछे बैठा था। रामनिवास ने बताया कि हम दोनों की बाइकों के आगे एक ट्रैक्टर-ट्राली जा रही थी। तभी ट्रैक्टर चालक ने एकदम से ब्रेक लगा दिए। इससे अमित व मोती लाल की बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। वह अमित व मोती लाल को संभालने में लग गया तभी ट्रैक्टर का चालक फायदा उठा कर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना के बाद उनके परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को हिसार के नागरिक अस्पताल ले गए लेकिन डाक्टरों ने अमित और मोती को मृत घोषित कर दिया। मोती लाल के पिता की मौत हो चुकी है। मोती लाल का एक भाई व एक बहन है।

## न्यूज फ्लैश

### अतिरिक्त निगम आयुक्त ने किया डंपिंग साइटों का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** नगर निगम मानेसर के अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने मंगलवार को मानेसर स्थित डंपिंग साइटों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कूड़ा निपटान की प्रक्रिया को देखा और कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने के आदेश भी निगम के सफाई अधिकारी को दिए। अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने मानेसर सेक्टर-6, 8 और मानेसर पहाड़ी स्थित नगर निगम की डंपिंग साइटों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मानेसर नगर निगम क्षेत्र से कूड़े का उठान करने वाली एजेंसी के कामकाज और कूड़ा निपटान प्रक्रिया का जायजा लिया। सेक्टर-8 स्थित डंपिंग साइट पर लगी ट्रोमेल मशीन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि संभव हो तो ट्रोमेल मशीन बढ़ायें, ताकि कूड़े का जल्द से जल्द निपटान किया जा सके। नगर निगम के सफाई निरीक्षकों को सभी जोन की सफाई व्यवस्था के लिए उनकी जिम्मेवारी भी तय करने के आदेश सफाई अधिकारी एमएस सोढ़ी को दिए। इसी के साथ अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। वरिष्ठ सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षकों को लिखित आदेश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने जोन में बल्क वेस्ट जनरेटर्स, पॉलिथीन, एसटीपी और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए उनके चालान भी करें।

### अल्पसंख्यक समुदाय ने भाजपा को वोट और सपोर्ट देने का किया वायदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** सढौरा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा विधायक बलवंत सिंह ने मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों लोगों के साथ मिलकर मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में शामिल अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को मुस्लिम समाज के आगामी त्योहार ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि उन सभी को आज मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर बहुत खुशी हुई है व इससे उनका मान सम्मान बढ़ा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि सभी भाजपा सरकार के साथ मजबूती से खड़े है और आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा के उम्मीदवार बंतो कटारिया का पूरजोर समर्थन करेंगे व केन्द्र के साथ-साथ हरियाणा में भी लगातार 10 लोकसभा की सीटों पर तीसरी बार विजय का परचम फेराएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर उन्हें ईद के आगामी त्योहार की शुभकामनाएं दी व हरियाणा के निवासियों के नाम संदेश में कहा कि आज का दिन मां भगवती के पवित्र नवरात्रे भी प्रारंभ होते हैं इसकी वह बधाई व शुभकामनाएं देते हैं। त्यौहार सभी के सांझे होते हैं, मिलकर त्यौहार मनाने से खुशियां ओर ज्यादा बढ़ जाती है। पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा ने कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के पक्ष में माहौल बनता जा रहा है, सभी जाति वर्ग के लोग भाजपा उम्मीदवार को समर्थन प्रदान कर रहे हैं। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से बंतो कटारिया भारी बहुमत से विजय होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी हर दिल अजीज है। वह हर भाजपा कार्यकर्ता व आमजन से मुलाकात कर रहें हैं।

### फरीदाबाद: आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी रहेगी एमसीएमसी की कड़ी नजर

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबाद: लोक सभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर एमसीएमसी की कड़ी नजर रहेगी। उम्मीदवारों के खाते में बल्क मोबाइल एसएमएस का खर्च जोड़ा जाएगा। मंगलवार को उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 18वीं लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवारों द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवारों के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# जजपा विधायक जोगी राम ने छोड़े पार्टी के पद

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी (जजपा) बिखराव की तरफ बढ़ रही है। मंगलवार को दूसरे दिन भी पार्टी नेताओं के इस्तीफों का सिलसिला जारी रहा। जजपा के एक दर्जन से अधिक नेता इस्तीफा दे चुके हैं। मंगलवार को बरवाला से जजपा के विधायक जोगीराम सिहाग ने भी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने भी अपना इस्तीफा अजय चौटाला को भेज दिया है। सोमवार को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह के मौखिक इस्तीफा देने का ऐलान किए जाने के बाद हरियाणा में जजपा छोड़ने दौर शुरू हुआ। बरवाला से जजपा के विधायक जोगीराम सिहाग ने भी इस्तीफा दे दिया है। सिहाग ने कहा कि मैंने केवल पार्टी के पदों से इस्तीफा दिया है। अभी पार्टी में ही हूं, भविष्य का कुछ भी नहीं पता। उनकी नई पार्टी जॉइन करने को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। दरअसल, सिहाग पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीबी रहे हैं। उन दोनों के मुलाकात की एक पुरानी तस्वीर भी वायरल हो रही है। वर्ष 2019 में टिकट न मिलने से नाराज होकर जोगीराम सिहाग ने भाजपा छोड़ कर जजपा में शामिल हो गए थे।

# हरकोफैड के चेयरमैन वेद ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरको**फैड के नवनियुक्त चेयरमैन वेद फूलां ने मंगलवार को पहले नवरात्र के अवसर पर कार्यभार संभाल लिया। चेयरमैन फूलां ने अधिकारियों की बैठक में किसानों के हितों में योजनाएं तैयार करने के साथ ही किसान कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए अधिकारियों को रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। नवनियुक्त चेयरमैन ने कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी व राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे निष्ठा के साथ निभाएंगे और किसानों की समृद्धता को लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा



कि उनकी प्राथमिकता पैक्सों की मजबूती के साथ किसान कल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंचाना है ताकि किसान उनका आसानी से लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की नई पहल के तहत पैक्सों में कामन सर्विस सेंटर खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा। प्रदेशभर में सीएससी के माध्यम से 400 से ज्यादा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका किसानों को घर बैठे ही फायदा मिलेगा। इनमें किसानों के लिए मुख्यत फसल बीमा योजना, ईकेवाईसी, मेरी फसल मेरा ब्योरा, मेरा पानी-मेरी विरासत, मुआवजा आवेदन पोर्टल सहित सबसिडी योजनाओं के लिए आवेदन शामिल हैं। अधिकारियों की बैठक के दौरान चेयरमैन वेद फूलां ने अधिकारियों को किसानों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए चलाए जाने वाले प्रशिक्षण शिविरों को गति देने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि सहकारिता मंत्रालय की सहकारिता को मजबूत करने व देश में सहकार से समृद्धि लाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्राथमकिता के आधार पर किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण शिविरों को गति देने होगी।

जिम्मेदारी

8 किसान हित की योजनाएं तैयार करने के दिए निर्देश, पैक्सों की मजबूती के साथ किसानों की समृद्धता ही प्राथमिक: वेद फूलां

# जींद: बैंक मित्र की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंक लूट की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** गांव पिंडारा में मंगलवार को उस समय हडकंप मच गया जब बैंक मित्र की आंखों में मिर्ची पाउडर फैंक कर डेढ़ लाख रुपये की राशि लूटने का प्रयास किया गया। बैंक मित्र लुटेरे से उलझा तो उस पर चाकू से भी वार किया। जिस पर लुटेरा चाकू को वहीं छोड़ कर फरार हो गया। मंगलवार को सिविल लाइन थाना पुलिस बैंक मित्र की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी रही। गांव पिंडारा निवासी सुनील गांव में बैंक मित्र का कार्य करता है। मंगलवार को सुनील के पास लगभग डेढ़ लाख रुपये की नगदी थी। वह अपने कार्यालय में बैठा कामकाज को निपटा रहा था। उसी दौरान एक युवक उसके पास पहुंचा और आंखों में मिर्ची पाउडर मार राशि लूटने की कोशिश की। जिस पर सुनील लुटेरे से उलझ गया और शोर मचाया। जिस पर लुटेरे युवक ने अपने पास चाकू से सुनील के सिर में वार किया। जिसमें सुनील मामूली तौर पर घायल हो गया। लोगों की भीड़ होती देख लुटेरा युवक चाकू को वहीं छोड़ कर फरार हो गया।

घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने सुनील की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरार

8 बैंक मित्र लुटेरे से उलझा तो उस पर चाकू से भी वार किया। जिस पर लुटेरा चाकू को वहीं छोड़ कर फरार हो गया

## खिलाड़ियों पर बदमाशों का हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम: मंग**लवार को अखाड़े में पहलवानी कर रहे पहलवानों पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। उनको जमीन पर गिराकर लाठी-डंडों से जमकर पीटा गया। इस हमले में राष्ट्रीय स्तर के चार पहलवानों को चोटें आई। पहलवानों के हाथ-पांव भी टूटने की सूचना है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह सारी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जानकारी अनुसार नगर निगम मानेसर के गांव नौरंगपुर क्षेत्र के एक अखाड़े में लाठी-डंडों से लैस होकर दो दर्जन से अधिक कुछ बदमाश सुबह 6 बजे पहुंचे। इस दौरान विवाद हो गया और बदमाशों ने पहलवानों पर हमला कर दिया।

# प्रधानमंत्री व गृहमंत्री हरियाणा में करेंगे चुनावी रैलियां: बराला



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: भारत**ीय जनता पार्टी चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने कहा है कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की रैलियों का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। बहुत जल्द प्रदेश में केंद्रीय नेताओं के दौरे शुरू होंगे। सुभाष बराला मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बराला ने कहा कि भाजपा ने सभी 10 सीटों पर उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतार दिया है। सभी 90 विधानसभाओं में विजय संकल्प रैलियां आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित बड़े नेता रैलियों में शिरकत कर रहे हैं। इसके साथ ही पन्ना प्रमुख से लेकर बूथ व मंडल स्तर पर चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि मई माह में चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य स्टार प्रचारकों की हरियाणा में कई रैलियां होंगी। फिलहाल मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल विधानसभा स्तर पर विजय संकल्प रैलियों में हिस्सा ले रहे हैं। भाजपा उम्मीदवारों के विरोध पर बराला ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के प्रचार का विरोध ठीक परंपरा नहीं है। लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने साफ किया कि किसी भी सीट पर भितरघात नहीं है। भाजपा की ओर से जो भी उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे गए हैं, सभी कार्यकर्ता उनके प्रचार में जुटे हुए हैं।

तैयारियां पूरी

8 बराला ने कहा कि भाजपा ने सभी 10 सीटों पर उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतार दिया है: सुभाष बराला

# शतायु उम्र के बुजुर्गों ने युवाओं से किया मतदान का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्रामः जिला में 100 साल पार के बुजुर्गों ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे मजबूत लोकतंत्र के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़-चढकर मतदान करें। आने वाली 25 मई को जिला में देश की सरकार चुनने के लिए मतदान होगा। नए वोटर्स को मतदान की महत्ता बताने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, जिला के प्रबुद्धजनों सहित 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों के माध्यम से वोट बनवाने व मतदान जरूर करें। बता दें कि जिला की चारों विधानसभा में 100 वर्ष से अधिक आयु के नौ मतदाता है।





लोकतंत्र के इस महापर्व में कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से अछूता न रहे, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार की जागरुकता गतिविधियां की जा रही हैं। पटौदी विधानसभा में कासन निवासी 102 वर्षीय नम्बरदार हीरा लाल ने युवाशक्ति से आह्वान किया है कि आगामी 25 मई को अपने मतदान का उपयोग अवश्य करें। स्वतंत्र भारत में वर्ष 1952 में हुए पहले आम चुनाव में मतदान करने वाले हीरा लाल बताते हैं कि गुलामी के लंबे दौर के बाद जब देशवासियों को वोट डालने अधिकार मिला उस अनुभव को किन्ही शब्दों में बयां नही किया जा सकता। वोट के रूप में देश के हर नागरिक को अपना मत रखने के लिए एक अदृश्य शक्ति मिली थी।

मत का प्रयोग

8 गुलामी के लंबे दौर के बाद जब देशवासियों को वोट डालने अधिकार मिला उस अनुभव को किन्ही शब्दों में बयां नही किया जा सकता

# अध्यापकों की कमी से नाराज अभिभावकों ने स्कूल को लगाया ताला

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** अध्यापकों की कमी से नाराज अभिभावकों ने मंगलवार को खनौदा के स्कूल के मुख्य गेट को बंद कर ताला लगा दिया। ग्रामीण गांव के हाई स्कूल में अध्यापकों की कमी से नाराज थे। गांव का प्राइमरी और हाई स्कूल दोनों एक ही चार दिवारी के अंदर है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोला। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई सरपंच प्रतिनिधि सुशील कुमार ने की। गांव खनौदा के मौजिज व्यक्ति व अभिभावक सुबह स्कूल के बाहर इकट्ठा हुए और अध्यापकों की कमी के कारण स्कूल के मुख्य गेट को बंद कर दिया। लोगों ने नारेबाजी कर अपना रोष भी जाहिर किया। सरपंच प्रतिनिधि सुशील कुमार ने बताया कि गांव के हाई स्कूल में इंग्लिश, संस्कृत, साइंस और ड्राइंग का कोई अध्यापक नहीं है। जिस कारण से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। छात्रों का चुनाव परिणाम भी अध्यापकों की कमी के कारण कमजोरी आ रहा है। गांव के प्रमुख लोगों ने इस समस्या के प्रति कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। मंगलवार को एसएमसी के सदस्यों ने ग्रामीणों से सलाह मशविरा कर स्कूल के मुख्य गेट को बंद कर दिया। इसके बाद सीईओ नरेश कुमार सूचना पाकर मौका पर पहुंचे। उन्होंने आचार संहिता का हवाला देकर अध्यापक की नियुक्ति और तबादला करने में असमर्थता जाहिर की। ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर ने दो जेबीटी अध्यापकों सुशील व संदीप की अस्थाई नियुक्ति हाई स्कूल में की है। जो की पर्याप्त नहीं है। सरपंच प्रतिनिधि का कहना है कि प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों की हाई स्कूल में स्थाई तैनाती पर प्राइमरी स्कूल के छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होगी।

# गुरुग्राम के बस अड्डे की कायापलट की जगी उम्मीद

## हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को जल्द भेजा जाएगा बस अड्डे के जीर्णोद्धार का प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्रामः जिला के नागरिकों सहित गुरुग्राम बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसी उद्देश्य के साथ डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को गुरुग्राम बस अड्डे का दौरा किया। उन्होंने वहां पुराने भवन को तोडने की कार्य प्रगति का जायजा लिया। बस अड्डे के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी के निरीक्षण दौरे में जीएम प्रदीप अहलावत व पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह मौजूद रहे। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरुग्राम बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को जल्द ही व्यवस्थाओं में



सुधार नजर आएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही गुरुग्राम बस अड्डे के जीर्णोद्धार का ड्राफ्ट बनाकर मंजूरी के लिए हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव के पास भेजा जाएगा। जिसमें बसों के आने जाने के लिए अलग लेन का निर्माण, बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों के सुगम आवगमन व बैठने के लिए वेटिंग एरिया सहित शौचालय व पीने के लिए वाटर कूलर समेत सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही बस अड्डे पर निजी वाहनों व ऑटो से आने वाले यात्रियों के लिए भी अलग से ऑटो जोन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम एक वैश्विक शहर है। ऐसे में यहां बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक हैं। डीसी के निरीक्षण दौरे में जीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि गुरुग्राम बस अड्डा व वर्कशॉप साढ़े 14 एकड़ में बना है। गुरुग्राम परिवहन के पास कुल 216 बसें है। वहीं हरियाणा के अन्य जिलों सहित अन्य राज्यों की 100 से अधिक बसों का गुरुग्राम बस अड्डे पर रोजाना आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि बस अड्डे पर रोजाना 20 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है।

दिशा-निर्देश

8 वहां पुराने भवन को तोडने की कार्य प्रगति का जायजा लिया। जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

## न्यूज फ्लैश

### वालंटियर के लिए चलाया प्रशिक्षण प्रोग्राम



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )** : समालखा खंड स्तर पर वालंटियर के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम चलाया गया कजी एम एस एस एस समालखा स्कूल में खंड समालखा के लगभग 10 स्कूलों से 115 वालंटियर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया क अंजलि पीजीटी, इंग्लिश और सीमा शर्मा पीजीटी, केमेस्ट्री पीएमश्री पावटी स्कूल से बच्चों को संबोधित किया और उनको प्रोत्साहित किया और यह सुनिश्चित करे कि जब दिव्यांग व्यक्ति वोट डालने आते है तो उन्हें पोलिंग बूथ तक पहुंचाने का कार्य करें तथा अपनी जिम्मेवारी को ठीक तरीके से निभाए 'इसके साथ विशेष अध्यापक आजाद सिंह ने व्हीलचेयर को किस तरीके से प्रयोग करना है उसके लिए वॉलिंटियर्स को ट्रेनिंग दी ' कार्यक्रम का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी समालखा नीलम कुंडू ने किया कार्यक्रम में अंजली पावटी स्कूल द्वारा सभी विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए एवम सभी बूथ वालंटियर्स को बूथ पर आए मतदाताओं की और वृद्ध उम्र के मतदाताओं की सहायता हेतु प्रेरित किया और शपथ दिलाई। इस मौके पर अंजली, सीमा शर्मा, मदन, प्रदीप आजाद , विभु मिश्रा इत्यादि रहे ।

### बस प्रशिक्षण चालकों को दी आग से सुरक्षा की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पिपली रोड स्थित "कुरुक्षेत्रा फायर सेफ्टी संस्थान" ने आग से सुरक्षा का प्रशिक्षण शिविर लगाया। इस शिविर में 30 बस प्रशिक्षण चालकों ने हिस्सा लिया । संस्थान के एमडी कैप्टन गुरमेल सिंह ने आग लगने पर होने वाले नुकसान, आग से सुरक्षा के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर के रखरखाव व चलाने के तरीके के बारे में प्रेक्टिकल करके समझाया तथा महत्वपूर्ण नंबरों फायर विभाग- 101, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर-108 के बारे में जानकारी दी। संस्था के डायरेक्टर राजिन्द्र सैनी ने बताया कि किसी भी शिक्षा संस्थान के छात्र व छात्राऐ एक दिवसीय आग से सुरक्षा का प्रशिक्षण निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। राजिन्द्र सैनी ने बताया कि कोई भी 12 वीं पास छात्र एक वर्षीय फायर सेफ्टी कोर्स करके देश के विभिन्न विभागों में रोजगार प्राप्त कर सकता है।

# सिख सी.सै. स्कूल में गोरी हिरणी- उपन्यास पर परिचर्चा

**परिचर्चा**

8 लेखक संघ अंबाला ने संयुक्त रूप से एक परिचर्चा छावनी के सिख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित की



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** गुलजार सिंह संधु के पंजाबी में लिखित तथा वंदना सुखीजा व गुरबख्श सिंह मोंगा द्वारा हिन्दी में अनुवादित गोरी हिरणी - उपन्यास पर जनवादी लेखक संघ अंबाला तथा प्रगतिशील लेखक संघ अंबाला ने संयुक्त रूप से एक परिचर्चा छावनी के सिख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित की। प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से डा. गुरदेव सिंह 'देव' ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए अनुवादकों का परिचय देकर उपन्यास की द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। जनवादी लेखक संघ की ओर से जयपाल ने अंबाला,चंडीगढ़,बरवाला,डेराब सी, करनाल, कुरुक्षेत्र ,फगवाड़ा, बरनाला आदि से पधारे विशिष्ट अतिथिगण व वक्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि मुक्ति अकेले प्राप्त नहीं होती और तटस्थ रहने वालों का भी इतिहास लिखा जाएगा। उपन्यास की सह अनुवादक वंदना सुखीजा ने अपने संबोधन में कहा कि अनुवाद के माध्यम से हम एक संस्कृति को दूसरी संस्कृति के पास पहुंचा सकते हैं। लेखक गुलजार सिंह संधु ने अपनी कृति में हिटलर के समय के समाज पर प्रभाव, युद्ध की विभीषिका, अति राष्ट्रवाद, नस्लवाद आदि को प्रभावी तरीके से अभिव्यक्त किया है। इस उपन्यास में जर्मनी और भारतीय पंजाब के बहुसांस्कृतिक परिवेश को बखूबी दशार्या गया है। उपन्यास का अंत परिवार के जुडते हुए आशावाद से होता है। अनुवाद प्रक्रिया का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं तथा दूसरे सह अनुवादक गुरबख्श सिंह मोंगा ने क्रमशः अनुवाद कार्य जारी रखते हुए उसे आगे बढ़ाते हुए सम्पन्न किया। डेराबस्सी से आए पंजाबी रचनाकार जयपाल ने पंजाब विभाजन, नाजीवाद, फासिज्म, अल्पसंख्यकों पर बहुसंख्यकों के मूल्य थोपने, वैश्विक राजनीतिक तानाशाही, नस्लवाद के शुद्धिकरण के बिंदुओं को गोरी हिरणी के संदर्भ में उजागर किया। करनाल से पधारे डा अशोक भाटिया ने कहा कि अनुवादक देश-दुनिया में भाषा और संस्कृति ले जाते हैं। गोरी हिरणी का नायक और खलनायक युद्ध है। रचना में युद्ध व घृणा, प्रतिरोध की चेतना इत्यादि का वर्णन है। डा रत्न सिंह ढिल्लों ने उपन्यास के संदर्भ में ऊंच नीच, स्वास्तिक चिन्ह, हिटलर के अंत, दो सगी बहनों की विचारधारा में भिन्नता, अनाथालयों में बच्चों की दर्दनाक स्थिति, शहरी व ग्रामीण पारिवारिक जीवन में अंतर, संवाद के माध्यमों हुए परिवर्तनों व तकनीक के अनुप्रयोग रेखांकित किए। तलाक को प्रवास के लिए प्रयोग करने पर चिंता प्रकट की। प्रगतिशील लेखक संघ पंजाब के अध्यक्ष सुरजीत जज ने मुख्य वक्ता की भूमिका में संबोधन करते हुए पेरिस में 1935 में गठित प्रगतिशील लेखक संघ के इतिहास में भारतीयों की भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कबीर, रविदास, बुद्ध, नानक को प्रगतिशील चिंतक बताया। उन्होंने माना कि गोरी हिरणी में जर्मन और पंजाबी संस्कृति का एक दूसरे पर प्रभाव पड़ा है । उनके अनुसार प्रगतिशील लेखक शब्द शक्ति के हुनर से समाज की लड़ाई लड़ता है। पूंजीपति सेना राष्ट्रवाद से जोड़ता है लेकिन स्वयं सेना में अपने बच्चों को नहीं भेजता। उपन्यास में जानकारी प्रदान करने की बजाए यथार्थ सृजन पर अधिक बल दिया जाता है। गोरी हिरणी में प्रवचन रहित रचना है। पात्रों और घटनाओं जरिए संदेश देती एक कृति है। गोरी हिरणी के सह अनुवादक गुरबख्श सिंह मोंगा ने कहा कि संविधान सम्मत वैज्ञानिक दृष्टिकोण की प्रतिष्ठा से ही समाज और राष्ट्र का निर्माण होगा।

## सुरजेवाला के मार्गदर्शन में स्वीटी रंगा कर रही चुनाव प्रचार



**वोट की अपील**

8 कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रणदीप सिंह सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में चुनाव प्रचार कर रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहबाद हल्का के गांव शान्ति नगर में वोट की अपील करते हुए स्वीटी रंगा । स्वीटी रंगा ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रणदीप सिंह सिंह सुरजेवाला के मार्गदर्शन में लगातार चुनाव प्रचार कर रही है। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा। स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है । ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाड़ू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजय बनाना है । इस अवसर पर काला शांति नगर, मनीष कुमार , शुभम,कोमल, मिनाक्षी, पूजा, आरती , सर्वजीत कोर उपस्थित रहीं।

## गेहूं की खरीद शुरू, बंपर पैदावार की उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो गई है। इसको लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। प्रशासन का कहना है कि किसानों की किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक सभी छह मंडियों में कुल 3665 क्विंटल गेहूं आ चुका है। इसमें सबसे अधिक अभी तक मुलाना में दो हजार क्विंटल गेहूं आया है। सरकार के निदेशों के अनुसार एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होनी थी। लेकिन अभी फसल पूरी तरह से पकी नहीं है। इसलिए कटाई में समय लग रहा है। इधर एजेंसियों ने गेहूं खरीद के लिए अपने दिन निर्धारित कर लिए हैं। सप्ताह में चार दिन हैफेड और दो दिन जिला खाद्य आपूर्ति विभाग खरीद करेगा। एजेंसियों ने गेहूं खरीद के लिए सोमवार, मंगलवार, वीरवार और शनिवार को हैफेड और बुधवार, शुक्रवार को डीएफएससी गेहूं की खरीद करेगी। उधर कृषि विभाग ने 34000 एकड़ क्षेत्र में मिस मैच फसलों की दोबारा से गिरदावरी को पूरा कर लिया है। बीते कल शहर अनाज मंडी में गेहूं लाने पर पांच गेट पास कटे हैं।

## ओवरफ्लो होने से खेत में घुस रहा पानी, खराब हो रही किसान की फसल

**किसान परेशान**

8 किसान का आरोप, ग्राम पंचायत से लेकर डीसी तक को लगा चुका गुहार, पर नहीं हुआ कोई समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
उपमंडल के गांव आट्टा में तालाब के ओवरफ्लो होकर खेतों में पानी जाने से किसानों गेहूं आदि की फसल खराब हो रही है। इससे किसानों में ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है। उनका आरोप है कि समस्या से अवगत कराने के बावजूद भी ग्राम पंचायत की ओर से तालाब की सफाई व दूसरे तालाब में पानी निकासी को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि नुकसान के तौर पर खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। किसान तेजिंद्र ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसकी करीब पांच बीघा जमीन है। जोकि गांव के बस अड्डे तालाब के साथ में लगती है। तालाब में गांव के लोगों के घरों से निकलने वाले पानी की निकासी होती है। साथ ही तालाब गंदगी से अटा पड़ा है। उसका कहना है कि उक्त तालाब से आगे दूसरे तालाब में पानी की निकासी होती थी, पर ग्राम पंचायत ने उसे रोका हुआ है। ऐसे में तालाब के ओवरफ्लो होने पर गंदा पानी उनके खेतों में फसल में घुस रहा है। इससे न केवल उसकी गेहूं की फसल खराब हो रही है, बल्कि पशुओं के लिए चारा तक नहीं बच रहा है। किसान के मुताबिक वह उक्त समस्या को लेकर ग्राम पंचायत, बीडीपीओ, एसडीएम से लेकर डीसी तक को गुहार लगा चुका है, पर किसी ने भी उसकी समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। उसका कहना है कि पंचायत व प्रशासन की अनदेखी के चलते उसे नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके, शरण्ये त्रयम्बके गौरी.. नारायणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**
नवरात्रि के उपलक्ष में जी वी एम पब्लिक स्कूल में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल और समस्त स्टाफ ने हवन में आहुति देकर किया । नवरात्रों का त्यौहार हिंदू पंचांग के अनुसार अप्रैल (चैत्र मास) में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है । कार्यक्रम के आरंभ में छात्राओं ने मां के नौ रूपों की स्तुति व वंदना की । इसके साथ ही छात्र व छात्राओं ने डांडिया व गरबा नृत्य प्रस्तुत किया । इसके अतिरिक्त स्कूल की प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल वह उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी बरतवाल ने छात्रों को आत्मनिर्भर और दृढ़ निश्चय बनने को प्रेरित किया और हर स्थिति में मजबूती वह साहसी बनने की प्रेरणा दी । साथ ही देवी के नौ स्वरूप का विस्तार से वर्णन कर छात्रों को परिचित करवाया । इस दौरान स्कूल में बड़ा ही धार्मिक माहौल बना । ज्योति, शालिनी व मुस्कान आदि का इस कार्यक्रम को आयोजित करने में विशेष योगदान दिया ।



**धार्मिक**

8 नवरात्रि के उपलक्ष में जी वी एम पब्लिक स्कूल में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

## बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का 15 से 20 अप्रैल तक होगा आयोजन: शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग चंडीगढ़ के आदेशानुसार पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी 15 से 20 अप्रैल 2024 तक ब्रह्मसरोवर पर बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों को बाढ़ बचाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दी है।उन्होंने कहा कि बाढ़ बचाव प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों के लिए अच्छी गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। यह भोजन 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक दिया जाएगा। इस व्यवस्था के लिए विभिन्न पार्टियों से निविदाएं आमंत्रित की गई है। इसके लिए 12 अप्रैल तक टेंडर भरा जा सकता है। इसके लिए पार्टी को 50 हजार रुपए प्रतिभूति के रूप में जमा करवाना होगा।



**ट्रेनिंग**

8 प्रशिक्षणार्थियों को दिया जाएगा अच्छी गुणवत्ता का भोजन, आमंत्रित की गई निविदाएं

## चुनाव आयोग ने 6 एप किये लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि लोकसभा चुनावों में नागरिकों के अधिकारों को सशक्त करने के लिए चुनाव आयोग ने 6 मोबाइल एप लॉन्च किए हैं, इन एप के माध्यम से महज एक क्लिक पर वोट बनवाने, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने, उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित कई कार्य किये जा सकते हैं।

दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप लॉन्च किया है। दरअसल, चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाता फ्रैंडली कदम उठाए हैं।

## 'रोजगार के लिए विदेश गए युवकों को किया जा रहा प्रताड़ित'

### किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा सरकार सोई पड़ी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भाजपा सरकार सोई पड़ी है। हरियाणा के नौजवान बेरोजगारी के कारण धक्के खा रहे है। रोजगार के लिए युवा विदेश में पलायन कर रहे है। ऐसे ही रोजगार के लिए रूस गए हरियाणा के कुछ युवक अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है और वे गंभीर संकट में हैं। बवेजा ने कहा कि कलायत के मटोर गांव के 6 युवक रूस में फंसे हुए है। हरियाणा के कैथल व अन्य जिलों के युवा भी रूस में फंसे हुए हैं। प्रताड़ित युवकों के परिजनों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला से कैथल में संपर्क किया। सुरजेवाला ने उनकी बात सुनते ही तुरंत विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर फंसे युवकों को वापस लाने की अपील की। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्य सभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने 7 अप्रैल 2024 को विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिख कर युवकों को रूस से निकालने की अपील की है। कलायत के गांव मटौर से बलदेव, राजेंद्र, मोहित, मंजीत, साहिल, रवि रूस में फंसे हुए है, इनमें रवि लापता है। बवेजा ने कहा कि सुरजेवाला हरियाणा, कर्नाटक व अन्य प्रदेशों में हर जन के मसीहा बने हुए है। महासचिव पद का कर्तव्य पूरी निष्ठा से निभा रहे है। लोगों के हितों में काम कर रहे है जिन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में देखा जा रहा है। बवेजा ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत है जो राजनीति में परिवर्तन लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्षी दलों पर झूठे केस बनाकर उन्हें जेल में डाल रही है जबकि वास्तविकता यह है कि भाजपा में ढूंढे से भी साफ छवि का कोई नेता नहीं मिल रहा है।



**पलायन**

8 हरियाणा के नौजवान बेरोजगारी के कारण धक्के खा रहे है। रोजगार के लिए युवा विदेश में पलायन कर रहे

## गीता विद्यालय में मनाया नव वर्ष प्रतिपदा चैत्र शुक्ल पक्ष विक्रमी संवत

### हमारे सभी धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम हिंदू कैलेंडर के अनुसार मनाए जाते हैं: शारीरिक शिक्षक राजीव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** श्रीमद्भगवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा चैत्र शुक्ल पक्ष एकम विक्रमी संवत 2081 मनाया गया। वंदना सत्र में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजीव ने छात्रों को हिंदू नव वर्ष के बारे में बताया कि हमारे सभी धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम हिंदू कैलेंडर के अनुसार मनाए जाते हैं इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। भगवान राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। आज के ही दिन शिवाजी महाराज द्वारा हिंदू साम्राज्य की स्थापना की गई तथा सिखों के द्वितीय गुरु अंगद देव जी का जन्म भी इसी दिन हुआ इसके साथ ही कुछ धार्मिक कारण भी इस दिन के साथ जुड़े हुए है। जैसे आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने इस दिन की थी। मां दुर्गा की उपासना नवरात्रे भी आज के दिन से ही प्रारंभ होते हैं। इसके साथ कुछ वैज्ञानिक कारण भी हैं जैसे मौसम का परिवर्तन होना सर्द ऋतु का समापन तथा ग्रीष्म ऋतु का आगमन होना, चारों ओर हरियाली होना ,पेड़ों पर नए पत्ते आना ,किसानों के लिए नई फसलों का आगमन होना आदि।तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को अपने घर में नव वर्ष मनाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि आज हम अपने घर पर पांच-पांच दीपक जलाएं तथा कुछ मिष्ठान बनाएं व अपने घर व पड़ोस में भी उस मिष्ठान को खिलाएं। जैसे सूर्य चंद्रमा प्रति क्षण गतिमान रहते हुए अपना कार्य करते है ऐसे ही हमें भी अपने कार्य को निरंतर बिना रुके करते रहना चाहिए ।हम वासुदेव कुटुंबकम में विश्वास रखते हैं अर्थात पूरा विश्व ही हमारा परिवार है। इस नववर्ष पर हम प्रार्थना करते हैं कि यह वर्ष पूरे विश्व में आनन्द, आरोग्य, सुख शांति, समृद्धि और परस्पर सद्भाव लेकर आए।नववर्ष 2081 मैं आओ हम सब मिल कर प्रण लें की हम कभी भी जाति,धर्म,प्रांत एवम भाषा का भेद नहीं करेंगे तथा मानवता के सच्चे वाहक बनकर भारतीयता को उत्कर्ष प्रदान करेंगे। तथा अपने राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया -बहन एवं छात्र उपस्थित रहे।



**संस्कृति**

8 इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। भगवान राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था

## अपोलो इंटरनेशनल में सूर्य नमस्कार से किया हिंदू नव वर्ष का स्वागत

### कक्षा चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं ने नववर्ष मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण में नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि अवधि के पहले दिन की शुभ शुरूआत सूर्य नमस्कार से हुई जिसमें कक्षा चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं ने नववर्ष की पहली सूरज की किरणों का सूर्य नमस्कार में समाहित विभिन्न आसनों के द्वारा अभिवादन किया। इस मौके पर आयोजित विशेष प्रार्थनासभा में विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का हृदय स्पर्शी उच्चारण किया। कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति से नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने स्टाफ और विद्यार्थियों को हिंदू नव वर्ष की बधाई दी और संबोधित करते हुए हिंदू नव वर्ष का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व बताया और हिंदू संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## न्यूज फ्लैश

### मारुति सुजुकी ने मानेसर संयंत्र में विनिर्माण क्षमता का विस्तार किया

**मानेसर।** भारत की अग्रणी यात्री वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज यहां अपने मानेसर संयंत्र में एक और वाहन असेंब्ली लाइन शुरू की है। इस असेंब्ली लाइन को मानेसर स्थित 3 विनिर्माण संयंत्रों में से मौजूदा प्लांट-ए में जोड़ा गया है। नई वाहन असेंब्ली लाइन की क्षमता प्रति वर्ष 100,000 वाहन बनाने की है। इस अतिरिक्त असेंब्ली लाइन के साथ, मानेसर में कुल विनिर्माण क्षमता प्रति वर्ष 900,000 वाहन हो जाएगी। नई असेंब्ली लाइन के शुभारंभ के अवसर पर बोलते हुए मारुति सुजुकी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा, "मारुति सुजुकी भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' के दृष्टिकोण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य अगले 7-8 वर्षों में अपनी क्षमता को करीब दोगुना करके 4 मिलियन वाहन प्रति वर्ष करना है और प्रति वर्ष 100,000 वाहनों की यह क्षमता वृद्धि इस लक्ष्य की दिशा में एक कदम है। इससे हमें अपने ग्राहकों को तेजी से सेवा प्रदान करने और हमारी समग्र क्षमता बढ़कर प्रति वर्ष 23.5 लाख यूनिट तक विनिर्माण करने में मदद मिलेगी।ह्व पहली इर्टिगा मानेसर केंद्र में नई वाहन असेंबली लाइन में तैयार की गई ।यह नयी लाइन केंद्र की मौजूदा क्षमता को प्रति वर्ष अतिरिक्त १००,००० इकाइयो तक बढ़ाती है। कुल मिलाकर, मानेसर संयंत्र ने मारुति सुजुकी के 3 करोड़ उत्पादन की उपलब्धि में 95 लाख से अधिक इकाइयों का योगदान दिया है। इस संयंत्र में ब्रेजा, एर्टिगा, एक्सएल6, वैगन आर, डिजायर, एस-प्रेसो, सियाज और सेलेरियो जैसी कई सर्वाधिक बिकने वाली गाड़ियाँ निर्मित की जाती हैं।



श्री ताकेउचि ने कहा, "यह नई असेंब्ली लाइन ऐसी प्रौद्योगिकियों को अपनाती है जो मानव एर्गोनॉमिक्स को बढ़ाती हैं, उत्पादकता में सुधार करती हैं और ट्रेसेबिलिटी को बढ़ाती हैं।" मारुति सुजुकी मानेसर सुविधा का उद्घाटन फरवरी 2007 में प्लांट ए की शुरूआत के साथ किया गया था। ग्राहकों की मांग बढ़ने पर कंपनी ने 2011 में प्लांट-बी और 2013 में प्लांट-सी को जोड़ा।

### महाराष्ट्र के ओरिगेमी मास्टर से मिलिये जो कागज से आदमकद जानवर बना सकते हैं

**नई दिल्ली।** ओरिगेमी की जटिल दुनिया में, मुंबई के हिमांशु अग्रवाल अद्वितीय कौशल और नवीनता के प्रतीक के रूप में उभरे हैं। इस कला में तीन दशकों से भी ज्यादा समय से समर्पित अग्रवाल कागज की साधारण शीटों को कला की लुभावनी कृतियों में बदल देते हैं। इन्होंने बड़े पैमाने के ओरिगेमी इंस्टॉलेशन बनाकर कई रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। इस ओरिगेमी मास्टर और इनकी अनोखी कृतियों को देखिए 'ओएमजी! ये मेरा इंडिया' के नौवें एपिसोड में जिसका प्रीमियर होगा इस सोमवार, 8 अप्रैल को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर सोमवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है। हिमांशु के प्रदर्शनों की सूची में हथेली के आकार के नाजुक व रंगीन पक्षियों के मॉडल्स से लेकर आदमकद से भी ऊंची मूर्तियां तक शामिल हैं, जो इस प्राचीन कला में इनके गहन कौशल को दशार्ती हैं। अपने जुनून के बल पर ओरिगैमिस्ट बने व इंजीनियर के रूप में प्रशिक्षित अग्रवाल, अपनी रचनाओं में सुंदरता के अलावा प्रत्येक तह में अंतर्निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों पर भी काम करते हैं। 20 फीट लंबे जिराफ हों या 35 फीट लंबे डायनासोर, कागज की प्रकृति के बारे में विनीत की असाधारण समझ ही इन विशाल लेकिन नाजुक संरचनाओं को अपने वजन के नीचे ढहने से रोकती है।



# नव संवत्सर पर हवन करके रावमा विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव और संकल्प दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल। आज चैत्र** शुक्ल प्रतिपदा को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर में नव संवत 2081 के प्रारंभ होने पर हवन के द्वारा शिक्षा के नये सत्र के लिए प्रवेश उत्सव तथा संकल्प दिवस मनाया गया। आज के हवन में आचार्य के रूप में श्री मनीष शर्मा संस्कृत प्राध्यापक रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कर्मपाल यादव अध्यक्ष पंचायत समिति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विक्रम यादव सरपंच ग्राम पंचायत शहबाजपुर की गरिमामय उपस्थित रही। आज के प्रवेश उत्सव एवं संकल्प दिवस में विद्यालय परिवार के अलावा समस्त एमसी के सदस्य तथा शहबाजपुर गांव के गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावक शामिल हुए। सभी विद्यार्थियों ने आज पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की और नशे से दूर रहने की शपथ ली। सभी विद्यार्थियों ने हवन में पूर्ण आहूति के रूप में अपनी सभी बुराइयों को मिटाने का संकल्प लिया। श्री कर्मपाल यादव ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में गिरती हुई नैतिकता को बचाने के लिए विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार भरने अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को जिम्मेदार, जागरूक और संस्कार युक्त नागरिक बनाने में विद्यालयों की बहुत बड़ी भूमिका है। आज सरकारी विद्यालय हर तरीके से विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा और उच्च कोटि के संस्कार प्रदान कर रहे हैं। आम जनता को इन विद्यालयों की सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए। सरपंच श्री विक्रम यादव ने कहा की शहबाजपुर विद्यालय आज अच्छे परीक्षा परिणाम और शानदार अनुशासन द्वारा अपने अपने जीवन काल के उत्कृष्ट शिखर को छू रहा है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी मेहमानों का प्राचार्य विकास जयदीप ने धन्यवाद किया और भारतीय काल गणना के बारे में विस्तार से बताया।



## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: ज्योति मित्तल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: मंगलवार को** एनसी मेडिकल कॉलेज इसराना में स्वीप कार्यक्रम के तहत इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पात्र युवाओं, नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। युवाओं को स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने माता-पिता तथा आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करना चाहिए। कॉलेज में मतदान जागरूकता को लेकर सोमवार को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा वोट बनवाने व मतदान करने के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को वोट बनवाने व मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।



## पुलिस ने ग्रामीणों के साथ की बैठक, चुनावी गतिविधियों पर रखी जा रही है निगाह

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। मंगलवार को** गहली व आसपास के गांवों के व मौजिज व्यक्तियों के साथ चौकी इंचार्ज एएसआई संजय ने बैठक की। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक में चौकी इंचार्ज ने कहा कि आचार संहिता का सभी को पालन करना चाहिए। उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। ऐसे में गांवों के मौजिज लोग भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं और लोगों को चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने के साथ ही आचार संहिता का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

बैठक के दौरान कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा हुई जो लगातार प्रशासन के साथ संपर्क में रहे। जिसपर गांवों के मौजिज व्यक्तियों ने बताया कि कमेटी पहले से गठित की हुई है। चौकी इंचार्ज ने अपील की कि चुनाव के कमेटी अपने क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक करवाया जा सके। इस दौरान उन्होंने गांव क्षेत्र के आपसी पुरानी रंजिश के संबंध में भी पूछताछ कर पता लगाया और कहा कि ऐसे लोगों की सूचना पुलिस को दें, ताकि चुनाव के दौरान शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाई रखी जा सके।



## यूरोप में जाट समाज के प्रबुद्ध भाईयों ने किया स्वागत

**पानीपत, कमाल हुसैन अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद के प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया की कला,शिक्षा,साहित्य,संस्कृति,रोजगार सृजन व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य को लेकर विदेश की धरती पर कौम को जोड़ने के लिए "अंतर्राष्ट्रीय संवाद बैठकोंह्व के तहत बर्लिन जर्मनी (यरोप) पहुँचने पर भाईयों ने किया जोरदार स्वागत। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि 8 व 9 अप्रैल को जर्मनी के बर्लिन में,10 व 11 अप्रैल को फ्रांस के पेरिस में,12 अप्रैल को ज्युरिक (स्विट्जरलैंड) में,13 अप्रैल को जर्मट (स्विट्जरलैंड) में 14 अप्रैल को जुंगफ्राजोच (स्विट्जरलैंड)में व 15-16 अप्रैल को अबू धाबी(संयुक्त अरब इमारात) में अपने साथियों के साथ अंतरराष्ट्रीय संवाद बैठकें करेंगे। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि जर्मनी में हमारे बहुत से युवा साथियों ने अपने रोजगार व संघर्ष के साथ साथ समाज को जोड़ने व भारत के मूलवासी होने के नाते अपने कल्चर प्रोग्राम करके अपनी सभ्यता को यादगार करने का काम करते रहते है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद जाट समाज के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है, इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सात समुंदर पार "अंतर्राष्ट्रीय संवाद बैठकोंह्व का आयोजन रखा गया है।




# डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता: प्रोफेसर एसके चहल

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के इतिहास विभाग में मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले के पीठ के तत्वावधान में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता समाज विज्ञान संकाय के डीन, विभागाध्यक्ष तथा महात्मा ज्योतिबा फूले पीठ के इंचार्ज प्रोफेसर एसके चहल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को आमतौर पर दलित वर्ग के उदाहरण के रूप में जाना जाता है जो सही भी है लेकिन असल में डॉ. अंबेडकर इससे बढ़कर आधुनिक भारत के निमार्ता एवं महान सामाजिक-राजनीतिक विचारक थे। वे अत्यधिक निकली सामाजिक पृष्ठभूमि से उठकर आए तथा उन्होंने न केवल छुआछूत व जाति भेद से लड़ते हुए अपने आप को एक विद्वान राजनेता के रूप में स्थापित किया बल्कि पूना पैक्ट तथा बाद में भारतीय संविधान के अंतर्गत दलित वर्ग के लोगों के लिए राजनीति, सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में आरक्षण जैसे विशेष अधिकार दिलाकर उनकी सामाजिक मुक्ति एवं सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया।लेकिन डॉ. अंबेडकर ने हमेशा कहा कि राष्ट्रहित उनके लिए दलित हितों से सर्वोपरि है और दोनों में टकराव होने पर उन्होंने हमेशा राष्ट्रहित को चुना है। यह बात सही भी है जोकि गांधी जी के अनशन के दौरान उनकी बात मानकर उनकी जान बचाने अथवा हिंदू धर्म को छोड़कर इस्लाम या इसाई धर्म को छोड़कर बौद्ध धर्म को अपनाने अथवा भारत के विभाजन के समय मुस्लिम लीग के पक्ष में न जाने जैसे अनेक कार्यों से सही साबित होती है। असल में डॉ. अम्बेडकर को भारत वर्ष एवं अपनी संस्कृति एवं इसके लोगों से गहरा प्रेम था जब भारत का संविधान बनाने का दायित्व उनके कंधों पर आया उन्होंने एक ऐसा समावेशी एवं दूरदर्शी संविधान बनाया जिसमें समाज के सभी वर्गों समुदाय एवं विभिन्न लोगों को सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक न्याय देने का मार्ग प्रशस्त किया।यही नहीं स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में उन्होंने आधी आबादी अर्थात महिलाओं को विवाह संपत्ति एवं उत्तराधिकार आदि मामलों में बराबर अधिकार दिलाने के लिए हिंदू कोड बिल का निर्माण किया। इसी बिल के आधार पर महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाए गए। उन्होंने लाइट ऑफ एशिया के रूप में प्रख्यात गौतम बुद्ध का धर्म अपनाकर संपूर्ण एशिया एवं पूर्वी दुनिया के साथ भारत की ऐतिहासिक एक पहचान पुनः स्थापित करने का प्रयास किया। इस सभी तथ्यों से यह साबित होता है कि डॉ. अंबेडकर आधुनिक भारत के निमार्ताओं में से एक थे।



## मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:अ हरियाणा कर्मचारी** महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पी डब्ल्यू डी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 की जिला कार्यकारिणी एवं सभी ब्रांचो के पदाधिकारीयों की मीटिंग जनता के लिखित बुलावे पर मंडल कार्यालय में प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा की अध्यक्षता व जिला प्रधान रामनिवास शर्मा के नेतृत्व में फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर सोहार्दपुर्ण वातावरण में बातचीत हुई। प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा व रामनिवास शर्मा द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों को पुरजोर स्तर पर रखा गया । कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर कार्यकारी अभियंता द्वारा समय निश्चित किया गया व सभी मांगों व समस्याओं पर संगठन को आस्वसत किया गया मीटिंग में जिला चेयरमैन अमरीक सिंह चट्ठा , प्रांतीय उप महासचिव रामकुमार प्रजापत, शाखा शाहाबाद के प्रधान अजय कुमार, शाखा लाडवा प्रधान जगदीप सिंह, शाखा कुरुक्षेत्र से सतीश कुमार ,बलराम शर्मा, राजेश शर्मा, महेंद्र सिंह सैनी, कृष्ण दत्त, अमरीक सिंह, नीरज शर्मा ,गौरव कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## काल गणना के अनुसार हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिन का शुभारंभ हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर पर आज हिन्दु नववर्ष के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हु, कहा कि भारतीय काल गणना के अनुसार हिन्दू नववर्ष का प्रथम दिन का शुभारंभ ९ अप्रैल से हो गया है। भारतीय संस्कृति में नव वर्ष का शुभारंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से माना जाता है, लेकिन पश्चिमी सभ्यता की चकाचैंध व विश्वव्यापी अंग्रेजी कलेंडर की मान्यता के चलते भारतीय नव वर्ष मनाने की परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। चैत्र मास की नवमी तिथि को ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म दिवस राम नवमी पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस मास में जब रवि की फसल तैयार होकर लहराने लगती है तो किसान खुशी से झूम उठते हैं। धार्मिक आस्थाओं व ऐतिहासिक तथ्यों से परिपूर्ण होने के कारण यह तिथि भारतीयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## वैनिश ने बच्चों की यूनीफॉर्म में वैनिश द डिफरेंस के लिए शुरू किया नया कैम्पेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** दिग्गज फैब्रिक स्टेन रिमूवल ब्रांड और प्रीमियम लॉन्ड्री एडिटिव वैनिश ने अपने नए फैब्रिक व्हाइटनर, वैनिश क्रिस्टल व्हाइट के लिए वैनिश द डिफरेंस कैम्पेन लॉन्च किया है। ह्यमेक यूनीफॉर्म्स, यूनीफॉर्म अगेन' मिशन के साथ, कैम्पेन अभियान का उद्देश्य इस बात को प्रदर्शित करना है कि यूनीफॉर्म की चमक में अंतर बच्चों के लिए किसी भी मौके को खोने का कारण न बने। स्कूल की यूनीफॉर्म इसलिए तय की जाती है कि सभी छात्रों के साथ एक समान व्यवहार हो। कोई छात्र किस पृष्ठभूमि का है, इस बात की परवाह किए बिना यूनीफॉर्म सभी के साथ समानता की भावना को बढ़ावा देती है। लगभग सभी स्कूलों में कम से कम एक यूनीफॉर्म सफेद रंग की होती ही है, जो अक्सर कुछ धुलाई के बाद अपनी चमक खो देती है। इस बात पर अक्सर माता-पिता का ध्यान नहीं जाता और अक्सर वे इसे महत्वहीन मान सकते हैं। लेकिन, फीकी वर्दी बच्चे पर काफी प्रभाव डाल सकती है। अपने साथियों की तुलना में फीकी यूनीफॉर्म के कारण बच्चा कई बड़े अवसरों से चूक सकता है।




## 'भाजपा के संकल्प व प्रचार के लिए की संगठनात्मक नियुक्तियां'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता** पार्टी, हरियाणा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विजय कुमार दहिया ने बताया किपार्टी के उच्च अधिकारियों से विचार-विमर्श उपरान्त चिकित्सा प्रकोष्ठ में संगठनात्मक नियुक्तियाँ की गई हैं। भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा के चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्ति की जा रही है, जिनमें डॉ. हनीश बजाज व डॉ.ज्योति यादव को गुरूग्राम से, डॉ.राजेश गोरा को भिवानी से, डॉ.दिनेश सैनी व डॉ.सुभाष थरेजा को जींद से, डॉ.भगमल सतनाली को महेन्द्रगढ से, डॉ.गजराज यादव को नारनौल, महेन्द्रगढ से, डॉ.दीपक मेहता को सिरसा से, डॉ.राज सिंह सांगवान को सोनीपत से, डॉ.राजेश आनन्द को करनाल से, डॉ.ओमबीर राठी व डॉ.राजेन्द्र जांगडा को झज्जर से, डॉ.विनय सांगवान व डॉ.गोपाल बंसल को दादरी से, डॉ. मुकेश वर्मा व डॉ.वंदना को यमुनानगर से, डॉ.प्रवीन मेहता व डॉ.अशोक शर्मा को कुरूक्षेत्र से, डॉ.आशीष गुलेरिया को पंचकुला से नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही डॉ.विजय दहिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा के चिकित्सा प्रकोष्ठ विभाग में जिला अम्बाला के लिये डॉ.विशाल गुप्ता को जिला संयोजक व डॉ. रोहित सैनी, डॉ. उमादत्त शर्मा व डॉ.समीर सैनी को सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है।



इसके साथ ही जिला कुरूक्षेत्र के लिये डॉ.संदीप छाबडा को जिला संयोजक व डॉ.उपासना मेहता, डॉ.तुलसी सरदाना व डॉ.सत्यनारायन हथीरा को सह संयोजक नियुक्त किया है। जिला यमुनानगर के लिये डॉ.निखिल बंसल को जिला संयोजक व डॉ अंकुर मिततल, डॉ देसराज काम्बोज व डॉ.नरेश सारण को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। जिला करनाल के लिए डा अमित छलैरिया को संयोजक व डा महेंद्र प्रताप को सहसंयोजक बनाया गया है।

जिला पानीपत के लिये डॉ.जगजीत आहूजा को जिला संयोजक व डॉ मन्जू अबरोल, डॉ.अतुल गर्ग व डॉ.मन्जू रानी को सह संयोजक। जिला सोनीपत के लिये डॉ.आनन्द मित्तल को जिला संयोजक व डॉ.महिन्द्र वर्मा व डॉ.संजय सेहरा को सह संयोजक। जिला रोहतक के लिये डॉ.आरके चौधरी को जिला संयोजक व डॉ.संजय जाखड, डॉ.संजय अग्गी को सह संयोजक। जिला जीन्द के लिये डॉ.संजय जुलाना को जिला संयोजक व डॉ.राम दीक्षित, डॉ.सुरेन्द्र मलिक व डॉ. वीरेन्द्र चोपडा को सह संयोजक। जिला फतेहाबाद के लिये डॉ.अजय गुप्ता को जिला संयोजक व डॉ सुमन बजाज, हरपाल सिह टोहाना को सह संयोजक। जिला सिरसा के लिये डॉ.सन्दीप गर्ग को जिला संयोजक व डॉ.पंकज, डॉ.दीपक मेहता को सह संयोजक। जिला फरीदाबाद के लिये डॉ.पुनीता हसीजा को जिला संयोजक व डॉ.अंशुल सचदेवा, डॉ.परिमल सरकार व डॉ.दिनेशपाल को सह संयोजक। जिला पलवल के लिये डॉ.परविन्द्र कुमार सैन को जिला संयोजक व डॉ.सतीश तलवार, डॉ.विष्वपाल आर्या व डॉ.वीर सिंह को सह संयोजक।

## संस्थापकों ने दिखाया हमें प्रगति का रास्ता : शम्मी बंसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लिबर्टी शूज** लिमिटेड के एमडी शम्मी बंसल ने कहा है कि लिबर्टी का देश की औद्योगिक प्रगति में अहम योगदान है। लिबर्टी ने अपनी यात्रा 1954 में शुरू की थी। वह लिबटीर्पुरम में आयोजित संस्थापक दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस यात्रा को शुरू करने वालों में डीपी गुप्ता, पीडी गुप्ता तथा राज कुमार बंसल शामिल थे। उन्होंने कहा कि 2024 तक आते-आते यह कम्पनी विश्व की अपनी तरह की सबसे बड़ी शूज निमार्ता कंपनी बन गयी है। लिबर्टी देश का सबसे बड़ा औद्योगिक समूह है। लिबर्टी मेक इन इंडिया का सबसे बड़ा प्रतीक है। करनाल जैसे छोटे शहर में कुटीर हस्त निर्मित इकाई से शुरू होकर लिबर्टी आज पूरे संसार में अपना पचम फहरा रहा है। लिबर्टी का सूरज कभी अस्त नहीं होता है। लिबर्टी की गिनती टाप के इंटरनैशनल बांड में की जाती है। लिबर्टी की तीसरी पीढ़ी मैदान में इस साम्राज्य को नई बुलदिंयों पर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि जो कुछ संस्कार हमारे संस्थापकों ने दिए, उन्हीं को साथ लेकर चल रहे हैं।



# बंगाल में जांच एजेंसियों पर हमला गंभीर मामला

राजेश माहेश्वरी

> दूसरी ओर एनआईए का कहना है कि सूचना दी गई थी लेकिन स्थानीय पुलिस का रवैया सहयोग करने वाला नहीं था। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति को गिरफ्तार करने एनआईए गई थी वह तृणमूल कांग्रेस का नेता है। विगत में भी ममता बनर्जी अपने पार्टी कार्यकताओं के समर्थन में खुलकर मैदान में आ जाती हैं। इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में पूछताछ करनी थी। जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन और केजरीवाल को एक दो बार नहीं आठ से नौ बार समन भेजा, लेकिन दोनों मुख्यमंत्री कोई न कोई बहाना बनाकर जांच एजेंसी के सामने पेष होने से बचते रहे। और केंद्र सरकार और जांच एजेंसी पर अर्नगल बयानबाजी करते रहे

**पश्चिम बंगाल** में केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमला गंभीर मामला है। इस मामले में चिंता और विचार का केंद्र बिंदु यह है कि अगर ऐसे ही जांच एजेंसियों पर सरकार द्वारा प्रायोजित हमले करवाए जाएंगे तो जांच एजेंसियां अपना काम कैसे करेंगी। सवाल यह भी है कि बिना जांच के सच सामने कैसे आएगा। जांच एजेंसियां संविधान का पालन करती हैं। उनका गठन संविधान के नियमों के तहत हुआ है। ऐसे में उन्हें पूरा अधिकार है कि वह कानून के दायरे में रहकर अपने काम को अंजाम दे। लेकिन जिस तरह से पिछले दो तीन सालों से जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर विपक्षी दल उंगली उठा रहे हैं, वो गंभीर चिंता का विषय है। अब तो बात ईडी और एनआईए जैसी देश की प्रमुख एजेंसियों पर हमले तक आ पहुंची है। पश्चिम बंगाल में आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग देने का पुराना इतिहास रहा है। ताजा घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल के ईस्ट मेदिनीपुर क्षेत्र में एनआईए अधिकारियों पर हमले का निष्कर्ष है कि राज्य के तंत्र ने विगत के घटनाक्रम से कोई सीख नहीं ली। इस साल की शुरूआत में संदेशखाली प्रकरण में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम भीड़ के हमले का शिकार बनी थी। फिर इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई थी। जाहिर है ऐसे घटनाक्रम राजनीति से इतर स्वतंत्र जांच की उम्मीद को खत्म करते हैं। निस्संदेह घटनाक्रम से जुड़े वास्तविक तथ्यों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि एनआईए यह जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के कहने पर कर रही है। दरअसल, मामला साल 2022 में हुए एक बम धमाके से जुड़ा है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिसकी जांच लंबे अर्से बाद उच्च न्यायालय द्वारा एनआईए को सौंपी गई। एजेंसियों ने पूछताछ के लिये आरोपियों को कई बार बुलाया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। कहा जा रहा है कि एजेंसी ने यह कार्रवाई उचित नियमों के अनुरूप ही की है। इस घटनाक्रम के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के दस सांसदों ने सोमवार को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के मुख्यालय के बाहर धरना दिया। पुलिस बाद में सांसदों को जबरन उठाकर ले गई। लेकिन इसके बावजूद किसी मामले में जांच-पड़ताल को गई किसी एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करना भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। ऐसे मामले में भीड़ की अराजकता स्वीकार्य नहीं है। बहरहाल, राजनीति से इतर हमें मानना होगा कि किसी मामले में केंद्रीय एजेंसी से जुड़े अधिकारियों




पर हमला व कामकाज में अवरोध पैदा करना संघीय व्यवस्था के लिये घातक ही है। केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार की आपसी खींचतान और तनातनी किसी से छिपी नहीं है। बीते महीने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भी ईडी अधिकारियों पर हमला हुआ था। लेकिन राज्य सरकार ने मुख्य आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तब भी उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में विवाद बढ़ते देख आरोपियों को तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। आरोपी पार्टी का बाहुबली नेता था। घटनाक्रम से राज्य सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठे थे। सवालिया निशान राज्य की कानून व्यवस्था व महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की अनदेखी पर भी उठे थे।

तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर एजेंसियों द्वारा पार्टी के नेताओं को डराया जा रहा है। दूसरी ओर तृणमूल सुप्रीमो एनआईए द्वारा बम धमाके के आरोपी की गिरफ्तारी के लिये रात में जाने को लेकर सवाल उठा रही हैं। उनकी दलील है कि ग्रामीण रात को आने वाले अनजान व्यक्ति को देखकर आक्रामक हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या छापेमारी से पहले एनआईए ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया था? या फिर राजनीतिक दबाव में काम कर रही स्थानीय पुलिस को सूचना देने से गोपनीयता भंग होने की आशंका से एनआईए ने छापे की पूर्व सूचना नहीं दी?

दूसरी ओर एनआईए का कहना है कि सूचना दी गई थी लेकिन स्थानीय पुलिस का रवैया सहयोग करने वाला नहीं था। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति को गिरफ्तार करने एनआईए गई थी वह तृणमूल कांग्रेस का नेता है। विगत में भी ममता बनर्जी अपने पार्टी कार्यकताओं के समर्थन में खुलकर मैदान में आ जाती हैं।

इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में पूछताछ करनी थी। जांच एजेंसी ने हेमंत सोरेन और केजरीवाल को एक दो बार नहीं आठ से नौ बार समन भेजा, लेकिन दोनों मुख्यमंत्री कोई न कोई बहाना बनाकर जांच एजेंसी के सामने पेष होने से बचते रहे। और केंद्र सरकार और जांच एजेंसी पर अर्नगल बयानबाजी करते रहे। जब पानी सिर से ऊपर हो गया तो जांच एजेंसी से कानून प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर दोनों को गिरफ्तार किया। फिलवक्त हेमंत सोरेन और केजरीवाल जेल में हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी के दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता प्रदर्शन, उपवास और सोशल मीडिया के माध्यम से अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार खासकर पीएम मोदी केजरीवाल से डरते हैं, इसलिए उन्हें झूठे मुकदमें में जेल में डाल दिया गया है। असल में ये लोग देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जांच एजेंसी ने जांच में जो तथ्य हासिल किए हैं, उन्हीं के आधार पर न्यायालय ने उन्हें जेल भेजा है। ऐसे में किसी राजनीतिक दल या जांच एजेंसी पर कैसे दोषारोपण किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने हालिया बयान में बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा है कि वह देश और लोकतंत्र को जेल में बदलने का काम कर रहे हैं। ममता ने दावा किया कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां सरकार की जेब में हैं। ममता बनर्जी ने चेतावनी दी कि अगर पार्टी नेताओं को गिरफ्तार किया गया, तो उनकी पत्नियां सड़कों पर उतर जाएंगी। सीएम ने आगे आरोप लगाते हुए कहा, आपकी एक जेब में ईडी और सीबीआई हैं, जबकि दूसरी जेब में एनआईए और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट हैं। एनआईए-सीबीआई बीजेपी के भाई-भाई हैं, वहीं ईडी और इनकम टैक्स, बीजेपी का टैक्स कलेक्शन फंडिंग बॉक्स। उन्होंने कहा, जांच एजेंसियां आपकी सहयोगी हैं, जो हमें धमकाने का काम कर रही हैं, लेकिन बीजेपी हमें डरा नहीं सकती है। जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री और पार्टी का मुखिया जब इस तरह की बयानबाजी करेगा तो उनके नेताओं और कार्यकताओं पर किस तरह का असर होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

पश्चिम बंगाल में आज जो कुछ भी हो रहा है, ऊपरी तौर पर उसे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच की राजनीतिक टसल का नाम दिया जा सकता है। लेकिन जांच एजेंसियां काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। वो जो तथ्य कोर्ट में पेश करती हैं, उन्हीं के आधार पर अदालत अपना फैसला सुनाती है। अगर किसी नेता या व्यक्ति का दामन पाक साफ है तो उसे किसी जांच एजेंसी से घबराने, भागने या छिपने की कोई जरूरत नहीं है। केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार का प्रमाण पत्र देते हैं। ऐसे में अगर उनका शराब घोटाले में कोई भूमिका नहीं है तो उन्हें जांच एजेंसी को सहयोग करना चाहिए था। जबकि वो जांच को टालते रहे। आज जो उनके साथ हो रहा है वो सबूतों और गवाहों के आधार पर हो रहा है। हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल के नेताओं के खिलाफ भी जो एक्शन जांच एजेंसियां ले रही है, उसके पीछे ठोस तथ्य और सुबूत हैं तभी तो तमाम भ्रष्ट नेताओं को अदालत से राहत नहीं मिल पा रही है।

भ्रष्टाचार के मामलों में राजनीति होना ठीक नहीं है। राजनीतिक दलों और नेताओं को जांच एजेंसियों पर उंगली उठाने से पहले अपना आचरण सुधारना चाहिए। वहीं जांच एजेंसियों की भी यह जिम्मेदारी है कि वो निष्पक्षता से अपना काम करें, और सार्वजनिक जीवन में कार्रवाई करते समय निष्पक्ष दिखाई भी दें।

## संपादकीय

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

**लोकसभा** चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में ह्लमैं भी चौकीदारह्व का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा। मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूं, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुंच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुंचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी-कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

--------

# मोटिवेशनल स्पीकर के अवसर

**विजय गर्ग**

**एक प्रेरक** वक्ता वह होता है जो दर्शकों को प्रेरित या प्रेरित करने के लिए बोलता है। प्रेरक वक्ता अपने जीवन के अनुभवों और ज्ञान का उपयोग दूसरों से बात करने और उन्हें कार्रवाई करने या अपना जीवन बदलने के लिए प्रेरित करने के लिए करते हैं। प्रेरक वक्ता को विपणन, प्रबंधन, खेल, या बिक्री जैसे विशिष्ट विषयों या नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने, आत्म-सम्मान का निर्माण, संघर्षों को हल करने, या संचार या उत्पादकता में सुधार जैसे विषयों में विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। वे धार्मिक माहौल से आ सकते हैं या ऐसे व्यक्ति हो सकते हैं जिनके पास जनता के सामने बोलने और संदेश देने की शक्ति है। प्रेरक वक्ता साक्षात्कार देने में बहुत अच्छी तरह से शामिल हो सकते हैं, खासकर यदि वे एक अच्छी तरह से प्रचारित विषय पर काम कर रहे हों। वे स्कूलों, चर्चों, सामुदायिक कार्यक्रमों, सरकारी एजेंसियों, विशेष आयोजनों, ट्रेड शो और सम्मेलनों सहित विभिन्न वातावरणों की एक विस्तृत श्रृंखला में अपने भाषण दे सकते हैं। प्रेरक वक्ताओं को विभिन्न स्थानों की यात्रा करने और लोगों के समूहों के सामने अपनी प्रस्तुतियाँ देने के लिए भुगतान किया जाता है। प्रेरक वक्ता पात्रता शैक्षणिक योग्यता हालाँकि प्रेरक वक्ता बनने के लिए कोई आधिकारिक शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है, आमतौर पर मूल भाषा में हाई स्कूल डिप्लोमा या कॉलेज की डिग्री होना अपेक्षित है। आयु सीमा यदि उम्मीदवार प्रेरक वक्ता बनना चाहता है तो उसकी उम्र के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है। प्रेरक वक्ता के लिए आवश्यक कौशल एक महत्वाकांक्षी प्रेरक वक्ता को अपने पेशे में काफी प्रभावी होने के लिए निम्नलिखित कौशल की आवश्यकता होती है। आवश्यक कौशल हैंः उम्मीदवारों के पास उत्कृष्ट संचार कौशल होना चाहिए ताकि दर्शकों की जरूरतों के अनुसार उचित रूप से संवाद किया जा सके। प्रेरक वक्ता को पता होना चाहिए कि जानकारी को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए दूसरों से कैसे बात करनी है। उसे इस बात पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है कि दूसरे लोग क्या कह रहे हैं, कही जा रही बातों को समझने के लिए समय लें, उचित प्रश्न पूछें और अनुचित समय पर बीच में न आएं। प्रेरक वक्ता को दूसरों की प्रतिक्रियाओं के बारे में पता होना चाहिए और समझना चाहिए कि वे ऐसी प्रतिक्रिया क्यों देते हैं। उसे समय का प्रबंधन करना आना चाहिए। प्रेरक वक्ता को पता होना चाहिए कि वैकल्पिक समाधानों, निष्कर्षों या समस्याओं के दृष्टिकोण की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने के लिए तर्क और तर्क का उपयोग कैसे किया जाए। उसे पता होना चाहिए कि नई चीजें सीखते या सिखाते समय स्थिति के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण/निदेर्शात्मक तरीकों और प्रक्रियाओं का चयन और उपयोग कैसे किया जाए।

मोटिवेशनल स्पीकर कैसे बनें? मोटिवेशनल स्पीकर बनने के लिए इच्छुक उम्मीदवार को दिए गए चरणों का पालन करना होगाः स्टेप 1 सबसे पहले, उम्मीदवार को अपना स्कूल उत्तीर्ण करना होगा और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी स्ट्रीम में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी होगी।

## विचार

# सियासत में - सबसे कठिन जाति अपमान

**राकेश**

भारत में आज से 9 दिन तक शक्ति की उपासना का पर्व शुरू हो गया है लेकिन दुर्भाग्य कि लोग इन नौ दिनों में भी सत्ता की उपासना में डूबे हैं। अगर सच्चे सनातनी होते तो इन नौ दिनों में चुनावी रैलियां और रोड शो छोड़कर देवी की पूजा-अर्चना करते। एक-दूसरे को गरियाते,आँखें दिखाते या कोसते हुए नजर न आते। सबसे बड़ी बात तो ये है कि सत्ता की उपासना में लगे लोग अब सत्ता हासिल करने के लिए जनता का जातिगत अपमान करने पर उतर आये हैं। गुजरात के भाजपा नेता पुरुषोत्तम रूपला का क्षत्रियों को लेकर दिया गया बयान इसका ताजा उदाहरण है। नवदुर्गा में ,मै भी सियासत से दूर रहना चाहता था,किन्तु देवी ने स्वप्न में आकर कहा -जैसा देश के भागयविधाता कर रहे हैं उसे देखते हुए सियासत से तुम्हारा दूर रहना उचित नहीं।इसलिए मुझे झुकना पड़ा। आपको बता दूँ कि मै भले ही मंदिर-मस्जिद से तनिक दूरी बनाकर रखता हूँ किन्तु घर में पूजा-पाठ मेरे भी जीवन का नियमित अंग है। मै या मेरे जैसे असंख्य लोग हैं जो आज भी पूजा-पाठ में कैमरे का इस्तेमाल नहीं करते। बहरहाल बात जातिगत अपमान की हो रही थी। सियासत में ये एक बहुत बुरा चलन शुरू हो गया है। इस बुरे चलन का श्रीगणेश भी सत्तारूढ़ दल ने ही अपने गृहराज्य गुजरात से किया है। भाजपा नेता और मोदी जी की केबिनेट में मछली मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपला ने सूबे के क्षत्रियों के बारे में न जाने क्या-क्या सही-गलत बोल दिया। अब सूबे की क्षत्राणियां भाजपा दफ्तर के बाहर जौहर करने के लिए उतावली हैं।पुलिस ने उन्हें बामुश्किल मनाया। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि- जद्यपि जग दारुण दुःख नाना ,सबसे कठिन जाति अपमाना जाहिर है कि भारत में जाति व्यवस्था एक सच्चाई है और जातिगत अपमान को भी उतनी ही गंभीरता से लिया जाता है, जितना कि जातिगत सम्मान को। देश की राजनीति जातियों के आधार पर ही फैसले करती है । भाजपा के केंद्रीय मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपला ने भी शायद इसी आधार पर क्षत्रियों को अपमानित करने का काम किया है। क्षत्रिय चाहते है कि भाजपा बड़बोले रूपला को चुनाव मैदान से हटाए ,किन्तु भाजपा किसी की भी नहीं सुनती , क्षत्रिय तो हैं किस खेत की मूली ? भाजपा रूपला को मैदान से नहीं हटा रही। प्राण जाएँ ,पर वचन न जाएँ आपको याद होगा कि कांग्रेस के हीरो राहुल गांधी भी जातिगत अपमान के एक आभासी मामले में सजाएं पा चुके है। संसद की सदस्यता भी छीन ली गयी थी उनसे। वो तो देश कि सबसे बड़ी अदालत ने उन्हें बचा लिया। राहुल ने तो किसी जाति का अपमान भी नहीं किया था। उन्होंने तो केवल देश को चूना लगाने वाले मोदियों की श्रृंखला और पंत प्रधान के मोदी होने के संयोग का जिक्र भर किया था। रूपला जी तो राहुल गाँधी से दो किलोमीटर आगे निकल गए। उन्होंने क्षत्रियों को गुजरात की रूखी जाति से भी गया-बीता बता दिय। कह दिया कि क्षत्रिय तो कायर थे, उन्होंने मुगलों से रोटी-बेटी के रिश्ते बना लिए थे। भाजपा देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उसके लिए किसी को सम्मानित करने और अपमानित करने का एक मतलब होता है। गुजरात के क्षत्रिय ही नहीं बिहार के बाम्हन भी अश्विनी चौबे का टिकट काटने से अपने आपको शायद अपमानित महसूस कर रहे हैं। लेकिन मानना पडेगा कि चौबे जी पक्के राष्ट्रवादी हैं, इसलिए जातिगत अपमान का घूँट भी रूह आफजा शर्बत की तरह पी गए। लेकिन सब तो अश्विनी चौबे होते नहीं। तमाम लोग ऐसे हैं कि अपमान की रूह आफजा का एक घूँट भी हलक से नीचे न उतारें ! जातिगत अपमान का घूँट गले से नीचे आसानी से उतरता नहीं है। मध्यप्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे और पूर्व सांसद अनूप मिश्रा भी अश्विनी चौबे की तरह अपमान का घूँट पिए बैठे है। सबका जी मतला रहा है। लेकिन करें तो क्या करें ? बाम्हन क्षत्रियों कि तरह न एकजुट हैं और न उनकी पत्नियों को जौहर करना आता है।

जातिगत अपमान की घटनाये केवल भाजपा में ही नहीं कमोवेश सभी राजनीतिक दलों में होती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# सब गोलमाल है भाई सब गोलमाल है

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**कलयुग अब विस्फोटक है। अब** अनीति ही नीति है। जो जितना सफेद झूठ बोले, उसको ही धर्मराज कहा जाता है। माथा टेक और झूठ फेक। यही कलयुग का मूल मंत्र है। जो समझ गया वह तर गया। ज्ञानीजन प्रवचन देते हैं। झूठा वचन मधुर लगता है। महात्मा सिंहासन पर विराजमान हैं। कथा सुनाने का लाखों लेते हैं। धर्म की रक्षा करते हैं। पैसा न लेने की प्रवृत्ति से अधर्म होता है। इसलिए पैसा लेना जरूरी है। वह लक्ष्मी का अपमान नहीं कर सकते है। हम बातें तो ईमानदारी की करते हैं, पर सही-सही बताएं,आपको लगता है क्या ऐसा? भई मुझे तो हर जगह गोलमाल मालूम पड़ता है।कुछ या कि काफी कुछ, ऐसे भी होंगे जिन्हें मात्र मनोरंजन चाहिए। वे इसलिए दिमाग लगाते हैं। इन्हीं बंदों को गोलमाल वाली श्रेणी में रखते हैं। एकदम सही कहा न। लोकतंत्र में भी गोया सब गोलमाल करने वाले भर गए हैं। लोकतंत्र ठिठुर रहा है। हालांकि कि चुनावी तापमान हाई है। इधर का कचरा उधर और उधर का कचरा इधर हो रहा है। जनता को उन्ही कचरा को परोसा जा रहा है। बड़ी विडंबना है। राजनीतिक पार्टियां कचरा इकठ्ठा कर देश का भट्ठा बिठा रही हैं। इस गुप्तरोग का शर्तिया इलाज नहीं हो पा रहा है। यह गरीबों का मुल्क है। गरीब इसका जनाधार है जिस पर सारा लोकतंत्र टिका है लेकिन सबसे अधिक उपेक्षित है तो वह गरीब। बेचारा जिस सड़क या पुल बनाने में खून-पसीना बहाता है उसमें उसका कोई नामो-निशान तक नहीं खुदता, माननीय का नाम बड़े-बड़े अक्षरों में खुद जाता है। आम आदमी सारी जिंदगी गुमनाम रहता है। मानकों की मानें तो सड़कों में गड्ढे या पुल गिरना नहीं होना चाहिए पर असल में आप सभी वाकिफ हैं। अब भ्रष्टाचार नाम का कोई जंतु देश में नहीं पाया जाता।वैसे मीडिया में दूसरे गोला की भ्रष्टाचार की खबरें प्रसारित होती रहती हैं। आज राजनेता ही सच्चा कर्मयोगी होता है। दिनभर काम करके नहीं थकता, रात में भी पता नहीं क्या काम करता है। उसके पापी पेट की आग इतनी प्रबल होती है जो सब कुछ पचा सकती है, तभी तो सड़ा-गला भ्रष्ट आचरण से आचमन करता है। वह भी अगर दो बार लगातार माननीय मंत्री बन जाता है तो लोकतंत्र का शुक्रिया अदा करता है। ईमानदारी की रूह कांप जाती है। बयानबाजी में सयानापन से जीतता बाजी है।

# पत्नी जी की छह बातें!

**रामविलास जांगिड़**

**बात एक**- पत्नी जी बाजार गई। बाजार मतलब साड़ी! महाभारत से बचने के लिए पतिदेव साथ हैं। पत्नी श्री 50 साड़ियों की दुकानें घूम कर हजार साड़ियां देखती है। पतिदेव से पूछती- कौनसी अच्छी लग रही है। पतिदेव- ये अच्छी है। पत्नी श्री- ये तो घर में 10 पहले से पड़ी है। पतिदेव दूसरी ओर इशारा करते हुए- ये भी अच्छी है। पत्नी श्री- देख नहीं रहे हो ये तो मैंने अभी पहन रखी है। पतिदेव- तो वह देख लो। वह भी अच्छी है। पत्नी श्री- तुम्हारे को बिल्कुल अकल नहीं है। हर चीज को अच्छी कह देते हो। पतिदेव- रहने दो किसी दूसरी दुकान पर चलते हैं। पत्नी श्री चीख कर सप्तम स्वर में बोलती हैं- रहने दो! मुझे पता है। तुम साड़ी नहीं दिला पाओगे! पूरे दिन दुकानों पर घूमाते रहोगे। बात दो- पत्नी- सुनो! आज खाने में क्या बनाऊं? पति मिमियाता है- कुछ भी बना लो। पत्नी- कुछ का नाम तो बताओ? आप जो बताएंगे, वही बनाउंगी। पति- करेला, भिंडी, आलू कुछ भी बना लो। पत्नी- रोज-रोज ये नहीं चलेगा। पति- गोभी टमाटर कुछ! पत्नी- ये कल ही खाए थे। पति- तो कुछ भी बना लो। पत्नी- बता तो दो! बताने में भी जोर आता है क्या? जाने कहां रहते हो आजकल! देख रही हूं, तुम्हारा घर में मन नहीं है! बात तीन- पत्नी जी को हल्का सर दर्द है। पतिदेव उसकी सेवा करते है। पत्नी जी कहती है कि रहने दीजिये। आप थक जाएंगे। पतिदेव- इसमें थकान कैसी है? ये तो मेरा धर्म है। पत्नी जोर देकर कहती- रहने दीजिए। तब पतिदेव अपने ऑफिस के काम में लग जाते हैं। पत्नी चीखती है- तुम मेरा कभी ध्यान नहीं रखते! पति महोदय मरी मक्खी की तरह जमीन पर पसर जाते हैं। बात चार- पत्नी जी कहती है- सुनो! मैं कैसी लग रही हूं! पतिदेव- बहुत सुंदर! पत्नी चिढ़कर- आपको तो मैं हमेशा ही सुंदर लगती हूं। पत्नी- सुनो! ये चूड़ियां कैसी लग रही है? पतिदेव- जरा लाल कलर की होती तो और ज्यादा सुंदर लगती। पत्नी श्री दहाड़े मार कर रोते हुए चिल्लाती- हां हां। मुझे पता है। मैं आपको कभी सुंदर नहीं लगती। तभी देख रही हूं छत पर खड़े होकर कहां झांकते रहते हो! बात पांच- पत्नी जी का आज मूड ऑफ है। पतिदेव पूछते हैं- क्या हुआ? कुछ बताओ मुझे। पत्नी जी- रहने दो तुम नहीं समझोगे! पति- बताओ तो जरा कुछ! पत्नी जी- कहा ना रहने दो! तुम नहीं समझोगे! पतिदेव- ठीक है।

## न्यूज फ्लैश

### उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्च: जिला निर्वाचन अधिकारी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

### हवन यज्ञ के साथ चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में हुई शैक्षणिक सत्र की शुरूआत



**गन्नौर। चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में वैदिक नव वर्ष के प्रथम दिवस पर विद्यालय के नव शैक्षणिक स्तर की शुरूआत वैदिक रीति रिवाज के साथ हवन यज्ञ करके की गई ।विद्यालय में नव प्रवेशित बालकों का उपनयन संस्कार समारोह संपन्न हुआ । चाइल्ड केयर शिक्षा समिति के प्रबंधक अजय यादव, निदेशक पूजा यादव, विद्यालय के सी.ई.ओ. रमेश वशिष्ठ व प्रधानाचार्य अक्षिता आहूजा ने मंच की शोभा बढ़ाई। आचार्य नित्य गोपाल शास्त्री ने पुरोहित की भूमिका अदा की और उपनयन संस्कार समारोह वैदिक रीति रिवाज और विधि विधान से संपूर्ण करवाया । विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में सी.ई.ओ रमेश वशिष्ठ ने कहा इतिहास और अर्थ से भरपूर यह समारोह युवा दिमाग को आकार देता है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक और सच्चाई का खोजी बनाने के लिए तैयार करता है । अध्यापिका ज्योति ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला । बच्चों के माता-पिता ने भी छात्रों के साथ अनुष्ठान में भाग लिया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की जीवन में बदलाव का अग्रदूत बनने के लिए स्कूल के सीईओ व प्रबंधन समिति की भूरी -भूरी प्रशंसा की और कहा विद्यालय में ज्ञान-विज्ञान के साथ संस्कार और संस्कृति की भी शिक्षा दी जाती है। जो आज के युग में अति आवश्यक है। इस अवसर पर अध्यापिका नीलम, पूजा त्यागी, अनु, शशि, कोमल, रेनू, कुसुम, लवली, राखी , ज्योति, पूनम व अध्यापक मनजीत पहल सभी उपस्थित रहे।

### सरकारी अस्पताल में लगाया गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा( कुलदीप सिंह ) : समालखा उपमंडल के सामान्य अस्पताल** में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का जांच शिविर आयोजित किया गया। जांच शिविर में एचआईवी, काला पीलिया, वीडीआरएल, ब्लड ग्रुप और शुगर के टेस्ट किए गए। अस्पताल की महिला चिकित्सक डॉ नेहा गुलाटी ने शिविर में आयी 97 महिलाओं की जांच की। जिसमें 24 महिलाओं में हाई रिस्क मिला। डॉ नेहा गुलाटी ने बताया अधिकतर गर्भवती महिलाओं में खून कमी पाई जाती है। मंगलवार को शिविर के दौरान जांच कराने आई 97 महिलाओं में से 63 महिलाएं पहली बार आई थी।

# घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करते हुए दो दुकानों से 30 सिलेंडर किए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः सीएम फ्लाइंग ने** मंगलवार को धतूरी गांव में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करते हुए दो दुकानदारों को पकड़ा है । छापा मारकर टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग परचून के दुकानदारों से 30 बड़े घरेलू गैस सिलेंडर व 1 फिलिंग मशीन बरामद की । सीएम फ्लाइंग टीम में इंस्पेक्टर सरवन के साथ राजेश सत्यनारायण वह गुप्तचर विभाग के सतेंद्र सिंह भी शामिल थे । वहीं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम से निरीक्षक राजेश व नवीन को सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर बुलाया और घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पकड़ी। सीएम फ्लाइंग के अनुसार ?विभाग को सूचना मिली थी कि धतूरी गांव में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है। सीएम फ्लाइंग की टीम मंगलवार की सुबह धतूरी गांव में



पहुंची और परचून की दुकानों पर जाकर जांच की । जांच टीम ने पाया कि सुनील की परचून की दुकान पर भारत गैस के घरेलू सिलेंडर 20 व दीप जनरल स्टोर पर संचालक सुनील त्यागी से घरेलू गैस के 10 सिलेंडर व दूसरे रिफिल करने वाली सिलेंडर की मशीन भी बरामद की । टीम ने सिलिंडर को कब्जे में लेकर मुरथल थाना पुलिस थाना पुलिस को भी मामले से अवगत करवाया। उधर, सीएम फ्लाइंग की टीम ने भी अपनी रिपोर्ट बनाकर मुख्यालय के लिए भेजी। दुकान मालिक की पहचान धतूरी गांव के सुनील त्यागी के रूप में हुई है ।

उसके पास से 20 सिलेंडर बरामद हुए हैं। जबकि पास के दुकानदार दीप जनरल स्टोर के संचालक अशोक त्यागी के पास से 10 सिलेंडर बरामद हुए है। सिलेंडर पकड़े जाने के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने दुकानदारों से पूछताछ भी की कि भारत गैस के सिलेंडर कहां से उनके पास उपलब्ध हो रहे थे । जांच में सामने आया है कि दोनों की परचून की दुकान है । वे गांव में रामनगर औद्योगिक क्षेत्र रोड पर अपनी दुकान किए हुए हैं । उसके पास कंपनी की ओर से गैस सिलिंडर रखने की कोई अनुमति नहीं है।

## भारतीय नववर्ष ब्रह्मांड के शाश्वत तत्वों से जुड़ा हुआ: उमेश तनेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हिंदू पंचांग** के अनुसार चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा मंगलवार को भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में गवर्नमेंट माडल संस्कृति सीनियर सेकेंड्री स्कूल मॉडल टाउन में हवन यज्ञ किया गया। हवन में आहुति डाल उपस्थितजन ने सुख समृद्धि एवं देश की खुशहाली की कामना की गई। शाखा के अध्यक्ष उमेश तनेजा ने कहा कि हिंदू नववर्ष शुभ दिन पर प्रख्यात गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिनए माह और वर्ष की गणना करके प्रथम भारतीय पंचांग बनाया था। जहां अन्य देशों में नववर्ष मनाने का आधार किसी व्यक्ति, घटना या स्थान से जुड़ा होता है और विदेशी लोग अपने देश की और धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुसार इसे मनाते हैं। वहीं हमारा भारतीय नववर्ष ब्रह्मांड के शाश्वत तत्वों से जुड़ा हुआ है। ग्रहों की चाल पर आधारित हमारा नववर्ष सबसे विशिष्ट और वैज्ञानिक है।

कार्यक्रम में राधा कृष्ण शाखा के सदस्य प्रियंका कठपाल, देवेंद्र रोहिला, राकेश अरोड़ा, अनिता सिंह, प्रमोद नागपाल, सरिता तनेजा, अनिल अरोड़ा, प्रभा शर्मा, प्रेम सिंह व विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक वृंद व विद्यार्थी समूह उपस्थित रहा।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में चैत्र नवरात्रि

**समालखाः दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल में चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता व शिक्षकगण ने माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण से किया गया। तत्पश्चात कक्षा दसवीं के छात्रगण द्वारा प्रस्तुत मंत्रोच्चारण, आध्यात्मिक गीत-गायन व नवदुर्गा के रूपों को नृत्य के माध्यम से झाँकी प्रस्तुति कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सारा परिसर जय माँ दुर्गा के मंत्रोच्चारण से भक्तिभाव से परिपूर्ण था। इस अवसर पर डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता ने छात्रगण को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव आपके जीवन में अपार

## 'युवाओं को वोटिंग की प्रेरणा दे रहा निर्वाचन आयोग'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए बड़ी तादाद में जिला के युवाओं ने अपने वोटर आईडी कार्ड बनवा कर मतदाता सूची में नाम शामिल करवाया है। जिले में 18 से 19 वर्ष की आयु के 23 हजार 346 युवाओं ने अपना वोट बनवाया है, इनमें 15 हजार 625 पुरूष व 7 हजार 720 महिला व 1 ट्रांसजेंडर युवा मतदाता का नाम शामिल है। प्रशासन का प्रयास है कि जिन युवाओं के नए वोट बने हैं, वे सभी 25 मई को पोलिंग बूथ पर जाकर वोट अवश्य करें और देश का नागरिक होने के नाते



लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। पहली दफा वोट देना हर एक नौजवान के लिए एक नया अनुभव होता है और इसे अवश्य हासिल करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि 'चुनाव का पर्व-देश का गर्वइ की थीम पर निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम तैयार किया है। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को भ्रामक समाचारों के प्रति सचेत रखने के लिए सोशल मीडिया में नई शुरूआत की है। इसके अलावा युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने और अपना वोट बनवाने के लिए 'टर्निंग 18इ और 'यू आर द वनइ जैसे स्लोगन देकर सोशल मीडिया के जरिए निर्वाचन आयोग ने एक अनूठी पहल की है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं, सोशल मीडिया में भी पूर्णतया सक्रिय है। उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग का इस बार मतदान के लिए नए मतदाताओं को आकर्षित करने पर पूरा जोर है। जो युवा 18 से तीस साल की आयु के हैं, उनके लिए आयोग ने मतदान करने पर यू आर द वन के नाम से नया स्लोगन दिया है। ये युवा अपने मत का प्रयोग कर उंगली पर लगे स्याही के निशान सहित यू आर द वन लिखकर सोशल मीडिया में फोटो अपलोड कर सकते हैं। करनाल जिला में भी प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि पहली बार मतदाता सूची में शामिल हुए युवा बूथ पर जाकर अपना वोट डालकर आएं और लोकतंत्र के पावन यज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें। उन्होंने कहा कि टर्निंग 18 का अर्थ कि युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें।

### प्रथम नवरात्रे के साथ आरंभ हुआ अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस की तैयारी का आगाज



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः अंतर्राष्ट्रीय योग** दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ बलविंद्र के निर्देशन में व्यायामशाला भादी में कार्यरत योग सहायक जीत राम ने विश्व योग दिवस की तैयारी में बजाना खुर्द के शिव मंदिर में योग अभ्यास कराया। जहां पर योग सहायक जीत राम ने बताया कि नवरात्रे का आरम्भ हमारे स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि उपवास के दौरान योगाभ्यास किया जाता है तो वह हमारे शरीर को शुद्ध और पवित्र बनाने में उपयोगी सिद्ध होता है। साथ में गायत्री मंत्र का जप और ओंकार ध्वनि आस झ पास के वातावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऑनलाइन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण की विस्तारपूर्वक जानकारी एवं अभ्यास योग शिक्षक प्रियंका द्वारा संपन्न किया गया। डॉ अमित पुंज, डॉ भूदेव और डॉ रोशनलाल द्वारा समापन करते हुए अर्थ सहित शान्ति पाठ कराया गया और संपूर्ण विश्व एवं समाज को योगमय बनाने के लिए संकल्प लिया गया।

## आर्य समाज स्थापना दिवस चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत संचालित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा में आर्य समाज स्थापना दिवस चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा मनाया गया इसके साथ वैदिक सनातन धर्म नव वर्ष भी मनाया गया ' विद्यालय की हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने सर्वप्रथम यज्ञ किया उसके पश्चात विद्यालय के प्रधान अंतरंग सदस्य एडवोकेट रणदीप आर्य को हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने सलामी दी और ओम का ध्वज भेंट किया ' इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रणदीप आर्य ने की मुख्य अतिथि श्री चांदराम पंच



ग्राम पंचायत सिवाह रहे' कार्यक्रम के अध्यक्ष रणदीप आर्य ने बताया कि इस देश में जब मुसलमान आए तो उन्होंने हमें हिंदू का नया नाम दिया यह एक प्रकार से गाली है ' हिंदू का अर्थ काफिर काला रहजन है ' और फिर इस देश में जब अंग्रेज आए तो उन्होंने नया नाम इंडिया दिया महर्षि देव दयानंद ने कहा कि 5000 वर्ष से सोने वालों अब जागो और उन्होंने बताया कि हमारे देश का प्राचीन नाम आर्यावर्त है ' इसलिए हम सबको ऋषि दयानंद के बताए हुए पद चिन्ह पर चलना चाहिए 'चित्र कि नहीं चरित्र की पूजा करनी चाहिए वैदिक धर्म को अपनाना चाहिए ' गायत्री मंत्र और ओम का उच्चारण करना चाहिए ' प्रिंसिपल श्री सत्यवान ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि नव वर्ष नई फसल के आगमन पर नौ दिनों का त्यौहार मनाया जाता था प्रत्येक वर्ग खुशी मनाता था हवन यज्ञ करके नई अनाज की बालियां उसमें डाली जाती थी और सभी बच्चों को नव वर्ष पर एक संकल्प लेना चाहिए कि हम वैदिक धर्म के अनुसार अपने जीवन को आगे बढ़ाएंगे विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भजन प्रस्तुत किया श्री रणदीप आर्य और मुख्य अतिथि श्री चांदराम व प्राचार्य सत्यवान मलिक ने हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जवानों की सहारना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ' इस अवसर पर मंच संचालन हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के इंचार्ज और विद्यालय के डीपीई जगदीश चहल ने किया सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# बैसाखी उत्सव पर पंजाबी संघ द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः हरियाणा पंजाबी** संघ गन्नौर ने बैसाखी उत्सव एक गार्डन में धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यशपाल कामरा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर छाबड़ा, सुरेंद्र जग्या, हर्ष अदलखा, परमानंद जग्या, गौरव न्यू शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश हसीजा ने की । कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का संघ के प्रधान दीपक बजाज , सचिव प्रीतम आहूजा , कोषाध्यक्ष नारायण दास खन्ना, परियोजना




अध्यक्ष संजीव डावरा, रामलाल मनचंदा, उपप्रधान - रमेश लंझारा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में नृत्य नाटिका, जादूगर शो, लक्की ड्रॉ, तंबोला, गीत - संगीत, डांडिया नृत्य आदि की प्रस्तुति दी।

### युवती कैश व गहने लेकर हुई फरार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रामनगर थाना** क्षेत्र में एक युवती घर से कैश व लाखों रुपए के गहने लेकर फरार हो गई। युवती का पिता व भाई अमेरिका में है। घर व युवती व उसकी मां ही रहती थी। युवती की मां ने मंजूरा गांव के युवक पर बेटी को जबरदस्ती उठाकर ले जाने के आरोप लगाए है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसके पास दो बच्चे है। बड़ा लडका और छोटी लडकी। बड़ा लडका और उसका पति पिछले की कई साल से अमेरिका में है।

# रोडवेज की बसें कर रही मतदाताओं को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन करनाल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता



जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने बताया लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करनाल बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। इन पोस्टरों में आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइएइ, 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर इ जैसे जागरूकता स्लोगन व टैग लाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। बसों पर लगी प्रचार-सामग्री के माध्यम से आमजन को मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी जा रही है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समारोहपूर्वक मनाया गया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ की विभिन्न शाखाओ पर मंगलवार को वर्ष प्रतिपदा उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रतिपदा के दिन ही आरएसएस के संस्थापक पहले सरसंघचालक डा. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। उनकी जयंती पर स्वंयसेवकों ने उन्हें प्रणाम किया और उनकी शिक्षाओं को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरूआत होती है। मान्यता है कि इस तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल की शुरूआत होती है। प्रताप उपनगर छत्रपति शाखा में



आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सह विभाग कार्यवाह महेंद्र कुमार ने कहा कि आज विभिन्न उपनगरो में वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया है। संघ ने तय किया है कि 2025 तक हमे प्रत्येक घर तक पहुंचना है। इसके आधार पर भारत को संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करना है। उन्होंने बताया कि इस दिन राम का राज्याभिषेकए शक संवत की स्थापना व प्रकृति में कई परिवर्तन होते हैं। उन्होंने स्वयं सेवकों को अनुशासन में रहते हुए समाज तथा राष्ट्र के लिए अपना योगदान देने को कहा। महेंद्र कुमार ने कहा कि संघ में संवाद तथा व्यक्ति के कार्य को महत्व दिया जाता है। स्वयंसेवक में मातृभूमि के लिए समर्पण होता है। जो राष्ट्र को परम वैभव पर ले जा सकता है। वहीं महावीर उपनगर अर्जुन शाखा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग संपर्क प्रमुख कपिल अत्रेजा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ऐसे में भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का पालन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। अर्जुन गेट स्थित सेवा श्री आश्रम में अर्जुन शाखा पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए संघ विस्तारक सुमित कुमार ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए गौरव भरा दिन है। भगवान राम का राज्याभिषेक आज ही के दिन हुआ था। वर्ष प्रतिपदा हिंदू समाज के जागरण का दिन है। आज भारत की सनातन संस्कृति को पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है, भारत अखंड होगा और विश्व गुरु बनेगा। आज के दिन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू नववर्ष के साथ ही आज संघ चालक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिन भी है। ऐसे में उनका जन्मदिन वर्ष प्रतिपदा के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह पवनदेव, माधव नगर संघ चालक सुभाष चंद्र, जिला प्रचार प्रमुख वीरपाल सिंह, केशव नगर कार्यवाह श्यामसुंदर थरेजा, माधव नगर कार्यवाह भारत भूषण सहित बड़ी संख्या में पूर्ण गणवेश में

# हिंदू नव वर्ष पर नव ज्योति शिक्षा सदन में कराया हवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः मंगलवार को नव** ज्योति शिक्षा सदन में नए वर्ष के उपलक्ष्य में हवन करवाया गया। स्कूल के निर्देशक राजेंद्र कौशिक ने बच्चों को हिंदू नव वर्ष के महीनों के बारे में भी बताया कि चैत्र मास में प्रकृति भी नए-नए फूलों से व पत्तों से पल्लवित होती है। किसान भी अपने खेतों में फैली हुई सोने जैसी फसलों को देखकर बेहद उत्साह में झूम रहे होते हैं। नव ज्योति स्कूल के सभी बच्चों व स्टाफ ने मिलकर हवन में भाग लिया और हवन के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया । संस्कृत विभाग की अध्यापिका



पूनम शर्मा ने बताया कि हिंदू नव वर्ष का प्रारंभ शक्ति मां की आराधना के साथ ,नवरात्रों की प्रतिपदा तिथि से होता है । इस प्रकार से हिंदू नववर्ष को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

# सीएम केजरीवाल ने रची थी साजिश: हाईकोर्ट

## ईडी द्वारा इकट्ठा की गई सामग्री से पता चलता है कि साजिश रची थी, केजरीवाल अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी की जांच से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी। अदालत ने कहा कि ईडी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी और अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के मामले से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक के तौर पर भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में कई बयानों के बीच राघव मगुंटा और सरथ रेड्डी के बयान हैं, जो पीएमएलए के साथ-साथ धारा 164 सीआरपीसी के तहत दर्ज किए गए थे। अदालत ने कहा कि सरकारी गवाह के बयान दर्ज करने के तरीके पर संदेह करना न्यायालय और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना होगा।






### 'अदालत राजनीति के बजाय कानून से बंधे हैं'

**अदालत** ने कहा कि हमारा मानना है कि न्यायाधीश राजनीति के बजाय कानून से बंधे हैं और निर्णय राजनीतिक विचारों के बजाय कानूनी सिद्धांतों पर दिए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यह राजनीति के दायरे में नहीं जा सकती।

**मामला केंद्र और केजरीवाल के बीच का नहीं:** अदालत ने कहा कि राजनीतिक विचारों को न्यायालय के समक्ष नहीं लाया जा सकता, क्योंकि वे प्रासंगिक नहीं हैं। वर्तमान मामला केंद्र सरकार और केजरीवाल के बीच का मामला नहीं है, बल्कि केजरीवाल और ईडी के बीच का मामला है। कोर्ट को सतर्क रहना चाहिए कि वह किसी बाहरी कारक से प्रभावित न हो।

**ईडी ने कानून के आदेश का पालन किया:** अदालत ने कहा कि हमारे सामने रखी गई फाइलों और सामग्री से पता चलता है कि ईडी ने कानून के आदेश का पालन किया था। ट्रायल कोर्ट का आदेश दो लाइन का आदेश नहीं है। ईडी के पास मौजूद बयान हवाला डीलरों के साथ-साथ गोवा चुनाव में आप उम्मीदवार के भी हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि ईडी पर्याप्त सामग्री पेश करने में सफल रही और अदालत ने बयान का अध्ययन किया है जो पूरी कहानी को पूरा करता है और दिखाता है कि पैसा गोवा चुनाव के लिए भेजा गया था। उक्त टिप्पणियों के साथ अदालत ने गिरफ्तारी व ईडी रिमांड को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी।

अदालत ने कहा कि सरकारी गवाह संबंधी कानून एक साल से नहीं, बल्कि 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। यह नहीं कहा जा सकता कि इसे वर्तमान याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को फंसाने के लिए बनाया गया था। दस्तावेज की आपूर्ति नहीं करने के बिंदु पर अदालत ने कहा कि केजरीवाल कानून के मुताबिक दस्तावेज पाने के हकदार होंगे।

**यह अदालत का काम नहीं है देखना:** राघव मगुंटा और उनके पिता द्वारा भाजपा को पैसे देने के केजरीवाल के दावे पर अदालत ने कहा कि कौन किसे चुनाव लड़ने के लिए टिकट देता है या कौन किसे चुनावी बॉन्ड देता है, यह देखना इस अदालत का काम नहीं है।

**तलख टिप्पणी**

8 अदालत ने कहा कि यह तय करना आरोपित का काम नहीं है कि जांच कैसे की जानी है

**आरोपी के मुताबिक तय नहीं होगी जांच कैसे हो:** अदालत ने कहा कि यह दलील खारिज की जाती है कि केजरीवाल से वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंस) के जरिए पूछताछ की जा सकती थी। अदालत ने कहा कि यह तय करना आरोपित का काम नहीं है कि जांच कैसे की जानी है। यह आरोपित की सुविधा के मुताबिक नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि मुख्यमंत्री सहित किसी के लिए कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि केजरीवाल को लोकसभा की तारीखों के बारे में पता होगा, उन्हें पता होगा कि चुनाव कब होंगे। ऐसे में अदालत का मानना है कि यह नहीं माना जा सकता कि गिरफ्तारी का समय ईडी ने तय किया था।

# केजरीवाल का अहंकार चकनाचूर हो गया: बीजेपी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। इस पर भाजपा ने आप पर निशाना साधा है। राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि आज जो हाईकोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में जो निर्णय लिया है, उससे तथ्यों के कठोर धरातल पर आम आदमी पार्टी (आप) का अहंकार चकनाचूर हो गया है। स्व-घोषित कट्टर ईमानदार का किरदार धारदार तथ्यों के साथ पूरी से तार-तार हो गया है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह सामान्य बात नहीं है। जिस प्रकार से उन्होंने जमानत के लिए नहीं, उन्होंने तो सीधे-सीधे अपनी हिरासत को ही चुनौती दी थी। अहंकार ये था कि मुझे छूट नहीं चाहिए मुझे दूसरे को गलत साबित करना है। इसलिए मैंने कहा कि अहंकार चूर-चूर हो गया है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जो साक्ष्य दिए गए वह साफ दिख रहा है।

**साधा निशाना**

8 स्व-घोषित कट्टर ईमानदार का किरदार धारदार तथ्यों के साथ पूरी से तार-तार हो गया है

# एवेन्यू कोर्ट ने आप विधायक अमानतुल्ला खान को भेजा समन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने धारा 50, पीएमएलए व अन्य धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया। आरोप है कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से विभिन्न लोगों की भर्ती की। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकद में बड़ी रकम अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।



# ट्रक ने ऑटो को मारी जोरदार टक्कर, दो की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गाजियाबाद की लोनी कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी गांव के पास ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दी। ऑटो में सवार तीन महिलाओं समेत चालक घायल हो गया। चारों को अस्पताल में ले जाया गया, जहां दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक और एक महिला सवारी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक को लेकर उसका चालक मौके से फरार हो गया। मृतक महिलाओं की पहचान लोनी के सादाबाद डुगरावली की बबीता और रजनी के रूप में हुई है।



घायल महिला रीता भी इसी गांव की है। चालक मोहम्मद अजीज की हालत भी नाजुक है। यह घटना सुबह छह बजे की है। तीनों महिलाएं अस्पताल से दवा लेने के लिए जा रही थीं।

# हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे सीएम अरविंद केजरीवाल

**सुप्रीम दर पर**

8 पूरा मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बल्कि देश की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है: आप



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अरविंद केजरावाल गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज करने के हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सीएम केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया।

**गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन नहीं:** हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि कोर्ट का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं थी। रिमांड को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी के अलावा बाद की रिमांड को हाई कोर्ट में चुनौती दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका पर कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ईडी द्वारा इकट्ठा की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी। केजरीवाल अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के मामले से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी शामिल थे। इसके अलावा हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि हमारे सामने रखी गई फाइलों और सामग्री से पता चलता है कि ईडी ने कानून के आदेश का पालन किया था। ट्रायल कोर्ट का आदेश दो लाइन का आदेश नहीं है। ईडी के पास मौजूद बयान हवाला डीलरों के साथ-साथ गोवा चुनाव में आप उम्मीदवार के भी हैं।

**सुप्रीम कोर्ट जाएंगे केजरीवाल:** अब हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उधर हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि एक्साइज पॉलिसी मामले में अब तक जो कुछ भी हुआ है, उससे कहा जा सकता है कि पूरा मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बल्कि देश की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है। ईडी या सीबीआई एक भी अवैध रुपया बरामद नहीं कर सकी। बता दें कि अरविंद केजरीवाल अभी 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल की गिरफ्तारी ईडी के कई समन को नजरअंदाज करने के बाद हुई थी।

**गिरफ्तारी को गैर कानूनी ठहराने वाली याचिका खारिज :** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि याचिका जमानत के लिए नहीं है।

# हम तृणमूल कांग्रेस सांसदों के साथ खड़े: आप विधायक सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज मंदिर मार्ग थाने पहुंचे हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन समते कई नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर टीएमसी सांसदों का प्रदर्शन कर रहे थे। टीएमसी प्रतिनिधिमंडल को दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर डीसीपी देवेश कुमार महला ने कहा कि कल उन्हें बिना अनुमति विरोध प्रदर्शन करने के लिए हिरासत में लिया गया था। उन्हें मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया। लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि हमने उस सभी को रिहा कर दिया था। हमने उन्हें जाने के लिए कहा था। लेकिन टीएमसी नेता नहीं गए। सभी टीएमसी सांसद मंदिर मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं।

**प्रदर्शन**

8 सौरभ भारद्वाज ने सांसदों से की मुलाकात, मंदिर मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठे



आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने बातचीत के दौरान कहा कि देश में आदर्श आचार सहिंता लागू है। सभी एजेंसियों और सरकारी कामकाज को तटस्थ चुनाव आयोग के तहत आना चाहिए। लेकिन जिस तरह से विपक्षी नेताओं पर ईडी और एनआईए की छापेमारी चल रही है। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष को चुप कराना चाहती है। आगे कहा कि विपक्ष के सांसदों को एक पुलिस स्टेशन में हिरासत में लिया गया। उनकी मांग है कि ईडी, सीबीआई, आईटी और एनआईए- ने तांडव किया है। उनके प्रमुखों को बदला जाना चाहिए। भाजपा ने प्रदर्शन किया। पुलिस आयुक्त को अनुमति किसने दी। क्या उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए था। क्या वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होना चाहिए। हम तृणमूल कांग्रेस के साथ खड़े हैं।

# डब्ल्यूएफआई का निलंबन: खेल मंत्रालय से मांगा जवाब




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा अपने निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होगी। डब्ल्यूएफआई को 24 दिसंबर 2023 को जारी एक संचार के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा निलंबित कर दिया गया था। यह निलंबन संजय सिंह पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के करीबी के डब्ल्यूएफआई चुनाव जीतने और शीर्ष कुश्ती निकाय का नियंत्रण लेने के कुछ ही दिनों बाद किया गया था। खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई द्वारा जल्दबाजी में लिए गए फैसलों का हवाला दिया था और कहा था कि नए नेतृत्व ने नियमों और विनियमों की पूरी तरह से उपेक्षा की है। इसके बाद इसने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से डब्ल्यूएफआई के मामलों को नियंत्रित और प्रबंधित करने के लिए एक तदर्थ निकाय का गठन करने को कहा। विशेष रूप से डब्ल्यूएफआई के मामलों के प्रबंधन के लिए गठित तदर्थ समिति को भी आईओए ने भंग कर दिया है। डब्ल्यूएफआई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने अदालत को बताया कि मंत्रालय का आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों और भारत के राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 का पूरी तरह से उल्लंघन है। कृष्णन ने

**निर्देश**

8 न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया

# जीबी रोड इलाके में कोठे में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जीबी रोड इलाके में बीती रात एक कोठे में आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे की सूचना सोमवार देर रात मिली, जिसके बाद आग बुझाने के लिए दमकल की 14 गाड़ियां भेजी गईं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# यमुनापार के सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं का अभाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** यमुनापार के सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव की वजह से मरीजों की देखभाल प्रभावित हो रही है। किसी अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं है तो किसी में अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को निजी लैब पर जेब ढीली करनी पड़ रही हैं। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव का खामियाजा मरीजों व उनके तीमारदारों को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही हाल कुछ ताहिरपुर स्थित राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का है। यहां पर डायलिसिस की सुविधा के अभाव में मरीज बेहाल हो रहे हैं।



**दावा अभी तक हवा-हवाई:** अस्पताल प्रशासन ने इस वर्ष जनवरी के महीने में डायलिसिस यूनिट शुरू करने का दावा किया था, लेकिन वह दावा अभी तक हवा-हवाई ही नजर आ रहा है। ऐसे में किडनी की बीमारी से ग्रसित मरीजों को यूनिट शुरू होने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। राजीव गांधी सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल वर्तमान में 250 बेड की क्षमता से संचालित है। सूत्रों के मुताबिक, फैकल्टी के अभाव में अस्पताल में कई महीनों से नेफ्रोलाजी विभाग बंद पड़ा है। ऐसे में किडनी की बीमारी से ग्रसित मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समस्या के समाधान के लिए अस्पताल प्रशासन ने एक फैकल्टी और सीनियर रेजिडेंट के लिए आवेदन निकाले थे, लेकिन आज तक नेफ्रोलाजी विभाग शुरू नहीं हो सका है। अधिकारियों ने वर्ष 2024 के जनवरी महीने में जल्द ही दस बेड की डायलिसिस यूनिट शुरू करने का दावा किया था।

**अभी तक डायलिसिस के लिए मशीनें तक नहीं आ पायी:** दावे के बावजूद अभी तक डायलिसिस के लिए मशीनें तक नहीं आ पायी हैं। जिसके कारण किडनी के मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुविधा के अभाव की वजह से कई मरीज अन्य अस्पतालों में रेफर किए जाते हैं। इस संबंध में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि वह डायलिसिस यूनिट शुरू करने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं।

**मरीज हलकान**

8 किसी अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा नहीं है तो किसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं

# मेट्रो की सुरक्षा में सेंध, यमुना बैंक-शाहदरा में रात के अंधेरे में ट्रेनों पर रहस्यमय चित्रकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में मेट्रो ट्रेनों की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। यमुना बैंक यार्ड की दीवार तोड़कर अंदर घुसे आरोपित ने कई कोचों पर रंगों से स्प्रे कर दिया। उस पर डेमो व 'एएए' आदि शब्द लिखकर बदरंग कर दिया। दूसरा मामला शाहदरा मेट्रो स्टेशन का सामने आया है। यहां खड़ी ट्रेन के एक कोच को निशाना बना आरोपित ने उस पर 'नो प्रॉब्लम' लिख दिया।

**मामले ने बढ़ाई पुलिस और डीएमआरसी की चिंता:** दोनों ही मामले में मेट्रो थाना पुलिस ने दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपितों के बारे में पता लगाने में जुट गई है। कोचों को बदरंग करने के उक्त मामले ने पुलिस व डीएमआरसी की चिंता बढ़ा दी है। मेट्रो पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि इससे पहले केरल और गुजरात से भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जहां विदेशी नागरिक सहित भित्तिचित्र कलाकारों का एक समूह मनोरंजन के लिए इस तरह के कृत्यों में शामिल पाया गया था।



**देर रात दीवार तोड़कर अंदर घुसे अराजक तत्व**

: ंयुक्त पुलिस आयुक्त (परिवहन) विजय सिंह का कहना है कि मेट्रो पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है। पहला मामला यमुना बैंक मेट्रो यार्ड में सामने आया था, जहां बीते दिनों देर रात कोई दीवार तोड़कर अंदर घुस गया, जिसके बाद उस व्यक्ति ने यार्ड में खड़े कोचों में से एक के एक हिस्से को पेंट कर दिया। मेट्रो कर्मियों की नजर 31 मार्च को उक्त भित्तिचित्र पर पडी। पुलिस अधिकारी का कहना है कि कई कोचों पर विभिन्न रंगों के स्प्रे से कर दिया गया और कोचों पर 'डेमो' और 'एएए' जैसे शब्द लिख दिए। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दे दी गई जिसके बाद मामला दर्ज कर लिया गया। चार अप्रैल की रात दूसरी घटना सामने आई। शाहदरा मेट्रो स्टेशन के पास पटरियों पर खड़ी एक ट्रेन भित्तिचित्र कलाकारों का निशाना बनी।

**दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज:** पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में अपराधी पटरियों पर खड़ी ट्रेन तक पहुंचने के लिए पहले एक पेड़ पर चढ़ गया और वहां से ट्रैक पर पहुंचकर कोच पर 'नो प्रॉब्लम' लिख फरार हो गया। दोनों घटनाओं के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अतिक्रमण और डीएमआरसी की धारा 78 और संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज की गई हैं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस डिब्बों पर लिखे संदेश को समझने की कोशिश कर रही है और अपराधियों की पहचान करने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी घटनाओं के बारे में सूचित कर दिया गया है।

**निशाना बनाया**

8 यमुना बैंक यार्ड की दीवार तोड़कर अंदर घुसे आरोपित ने कई कोचों पर रंगों से स्प्रे कर दिया

# निगम आयुक्त ने आर.डब्ल्यू.ए. प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनालः नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफिकेशन यानि स्व-प्रमाणित अधिक संख्या में करवाने के लिए शहर की रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन (आर.डब्ल्यू.ए.) के साथ मंगलवार को एक बैठक की। बैठक में करीब 32 आर.डब्ल्यू.ए. के प्रधान एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उप निगमायुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता (बागवानी) नरेश त्यागी, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर तथा सम्पत्ति कर अधीक्षक गगनदीप सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने से नगर निगम के पास सही डाटा एकत्र होगा, जो शहर के विकास लिए विभिन्न योजनाएं बनाने में काफी अहम साबित होगा। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी आर.डब्ल्यू.ए. प्रतिनिधियों से अपील करते कहा है कि वे अपने-अपने सम्बंधित क्षेत्रों में हाऊस होल्ड को जागरूक कर प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि आर.डब्ल्यू.ए. अपने व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज कर लोगों को जागरूक करें और सभी को ऐसा करने के लिए कहें। उन्होंने बताया कि इससे नागरिक और नगर निगम दोनो को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने से सम्बंधित मालिक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति उनकी प्रॉपर्टी से सम्बंधित विवरण चैक नहीं कर पाएगा, उसे केवल प्रॉपर्टी मालिक ही देख सकता है। उन्होंने कहा कि सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य नागरिकों की भागीदारी से ही पूर्ण होगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करें। उन्होंने बताया कि नगर निगम इसके लिए सभी वार्डों में कैम्प भी लगाने जा रहा है, जल्द ही इसका शैड्यूल तैयार किया जाएगा। बैठक में आए आर.डब्ल्यू.ए. प्रतिनिधियों को कॉंफ्रैंस हॉल में लगी एक बड़ी स्क्रीन के माध्यम से स्व-प्रमाणित कैसे किया जाता है, इसका डैमो भी दिया गया। बैठक में निगमायुक्त ने क्षेत्रीय कराधान अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने की एक विडियो जारी की जाए, जो पूरी डिटेल में होनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वह इस विडियो को अपने सभी ग्रुप्स में शेयर करें, ताकि नागरिक इसे देखकर सही से अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर सकें।

**बैठक**

**8 सम्बंधित क्षेत्रों में हाऊस होल्ड को जागरूक कर प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने के लिए कहें**

कैसे करें प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित- निगमायुक्त ने बताया कि नागरिक, एन.डी.सी. पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) पर अपनी सम्पत्ति कर आई.डी. डालकर उसे स्व प्रमाणित कर सकते हैं। ऐसा करना बहुत आसान है। जैसे ही इसमें डिटेल आएगी, उसे ध्यान से पढ? के बाद, जो ठीक दिखाई दे, उसे येस करें, जो ठीक न हो, उसमें नो करके साथ-साथ आपत्ति दर्ज कर दें, डाली गई आपत्ति का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी।

# चार दिवारी में कट रही कालोनी को किया गया सील

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः जिला नगर योजनाकार** विभाग द्वारा मंगलवार को बेगा रोड पर दो जगह विकसित जा रही अवैध कालोनी में भरी गई प्लाटों की नींव को जेसीबी की मदद से गिरा दिया। साथ ही दो एकड़ में चार दिवारी में कट रही कालोनी को तोड़ कर उसे सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट एटीपी अनिल कुमार के नेतृत्व में विभाग के जेई सुमित कुमार, पटवारी प्रदीप, इंफोर्समेंट टीम व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान 9 चार दीवारी को भी ध्वस्त किया गया। इससे पहले भी विभाग द्वारा कालोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था। इसके साथ ही तहसील में इस जमीन पर होने वाली प्लाटों की रजिस्ट्री पर रोक लगवा रखी है। इसके बावजूद भी कालोनाइजरों द्वारा बार-बार कालोनी को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके चलते विभाग ने फिर से तोड़ फोड़ की कार्रवाई की। जेई सुमित कुमार ने बताया कि यदि कालोनी में फिर से निर्माण कार्य किया गया तो उसे फिर से विभाग उसे तुड़वा देगा और यदि सील तोड़ी गई तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। विकास नगर** में एक युवक संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका हुआ मिला। वहीं हादसे के बाद से ही युवक की पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ फरार है। मृतक की मां ने पत्नी पर ही हत्या की करने की आशंका जताई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सेक्टर 32-33 थाना पुलिस ने आज शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया है। बिहार निवासी 30 वर्षीय मृतक श्रीराम की मां रेखा ने बताया कि पिछले करीब 3 साल से उसका बेटा श्रीराम विकास नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था, जबकि वह शेखपुरा गांव में रहती है। कल देर शाम यानी सोमवार को उन्हें सूचना मिली कि उसके बेटे का शव का घर पर पंखे पर लटका हुआ है रेखा ने बताया कि देर शाम को उसके बेटे को घर के कमरे में पड़ोस में लोगों ने देखा की उसका शव चुन्नी से पंखे पर लटका हुआ है। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने उन्हें फोन करके यह जानकारी दी। जब वह मौके पर पहुंची तो उसकी पत्नी खुशबू अपने दोनों छोटे-छोटे बच्चों के साथ घर से गायब थी, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया। महिला ने बताया कि श्रीराम उसका इकलौता बेटा था। उसके पास एक छोटी लडकी है। उसकी भी शादी हो रखी है। शादी के बाद से उसका बेटा करनाल के विकास नगर में ही किराए के मकान में रहता था। श्रीराम कई सालों से माडल टाउन स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करता था। घर पर अकेला ही कमाने वाला था। उन्हें शक है कि उसके बेटी की हत्या उसकी पत्नी ने की है। जिसके बाद उसे फंदे पर लटका दिया। उसके बेटे को कोई परेशानी नहीं थी। सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस ने आज शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता लग पाएगा। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### निस्सान मोटर इंडिया पेश करते हैं दिल्ली-एनसीआर ओपन 2024

**नई दिल्लीः** निस्सान मोटर इंडिया और टाटा स्टील प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने निस्सान प्रेजेन्ट्स दिल्ली-एनसीआर ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप 2024 की घोषणा की है, जिसका आयोजन 10 से 13 अप्रैल 2024 के बीच नोएडा गोल्फ कोर्स में होगा। प्रो-एएम इवेंट का आयोजन 9 अप्रैल को होगा। टूनार्मेन्ट के लिए रु 1 करोड़ की पुरस्कार राशि तय की गई है। यह टूनार्मेन्ट का छठा संस्करण है, जिसमें टॉप भारतीय पेशेवर हिस्सा लेंगे जैसे 2024 इंडियन ओपन रनर-अप वीर आहलावत, एसएसपी चौरसिया, अजीतेश संधु, पूर्व चैम्पियन मनु गंडास, राशिद खान, अमन राज और डीफेंडिंग चैम्पियन गौरव प्रताप सिंह तथा अन्य पूर्व चैम्पियन उदयन माने और हनी बाईसोया। वीर आहलावत, मनु गंडास, राशिद खान, गौरव प्रताप सिंह और हनी बाईसोया के अलावा दिल्ली-एनसीआर से अन्य जाने-माने गोल्फर्स भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं जैसे सचिन बाईसोया, शमीम खान, अभिनव लोहान और अमरदीप मलिक। विदेशी खिलाड़ियां की बात करें तो श्रीलंका से एन थंगराजा और के प्रबागरन, बांग्लादेश से जमाल हुसैन और बादल हुसैन, अंदोरा से केविन एस्टीव रिगैल और रूकी जैसे पीजीटीआई क्वालिफाइंग स्कूल के विजेता चिली से मटिआस डोमीन्गेज, नेपाल से सुभाषा तमांग, इटली के माइकल ऑटोर्लानी और चेकिया के स्टीपन डेनेक शामिल होंगे।

तीन शौकीन खिलाड़ी- सिमरजीत सिंह, विनम्र आनंद और राज सिंह भी मैदान में उतरेंगे। नोएडा गोल्फ कोर्स के सचिव डॉ स्टीवन मेनेजेज ने कहा, हम नोएडा गोल्फ कोर्स में दिल्ली-एनसीआर ओपन की वापसी का स्वागत करते हैं, यह पीजीटीआई शेड्यूल का ऐसा टूनार्मेन्ट है जिसका सभी को इंतजार रहता है। यह टूनार्मेन्ट हमारे सदस्यों को सर्वोच्च गुणवत्ता का गोल्फ देखने और भारतीय गोल्फ के कुछ बड़े नामों से मिलने का अवसर देगा। आखरी दो दिनों के दौरान नोएडा गोल्फ कोर्स का लाईव टेलीकास्ट भी होगा और देश भर के दर्शक गोल्फ के रोमांच का आनंद उठा सकेंगे। सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।

# सीएम फ्लाइंग व विभाग की टीम पहुंची जांच करने

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः गन्नौर पंचायत** समिति की राशि से 22 लाख 16800 रुपए से खरीदी गई ई-रिक्शा के टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाने की शिकायत के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने पंचायती विभाग रोहतक की टीम को बुलाकर ई रिक्शा की जांच करवाई । मंगलवार की सुबह अधिकारियों की टीम खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की कार्यालय में जांच करने पहुंची । जांच के लिए चार ग्राम पंचायत अहीर माजरा , दतौली , गुमड़ अगवानपुर की ई-रिक्शा को बुलाया गया । टीम में पहुंचे सीएम फ्लाइंग टीम से इंस्पेक्टर सुनील, एस आई महावीर, पंचायती राज विभाग रोहतक से एक्सीइन विशाल पूनिया , एसडीओ अमन , सोनीपत पंचायती राज विभाग से विक्रांत दहिया पहुंचे । जांच कर रही टीम के सामने ई-रिक्शा लेकर पहुंचे अगवानपुर गांव के रंजीत सफाई कर्मचारी ने बताया कि सफाई पंचायत की सफाई के लिए ई-रिक्शा को आए हुए 3 महीने हुए हैं, इसे कितने लंबे टाइम तक चार्ज कर ले यह चार्ज ही नहीं होती। सीएम फ्लाइंग को पंचायत की ई रिक्शा खरीद को लेकर जैएम पोर्टल पर यह मिली थी शिकायत

-- जैएम पोर्टल पर सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए ई-रिक्शा खरीदी गई है। जिनमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व ब्लॉक समिति के अध्यक्ष की देखरेख में खरीदी गई है। जिनकी मार्केट वैल्यू 90000 है और उनके बिल लगभग 1 लाख 90000 के हिसाब से कटे हुए हैं । शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अगर इन ई रिक्शा की जांच की जाए तो लाखों रुपए का घोटाला सामने आ सकता है ।

**टीम ने पहुंचकर ई रिक्शा की क्वालिटी की जांच की है, रिपोर्ट बनाई जाएगी : दहिया**

पंचायती राज विभाग सोनीपत से टीम के साथ जांच करने पहुंचे जय विक्रम दया ने बताया कि कम पलायन के आदेश पर उनकी टीम ने ई रिक्शा की क्वालिटी की जांच की है,

जांच में जो मिला है इसकी रिपोर्ट बनाकर सीएम फ्लाइंग को सौप दी जाएगी।

# प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में छाए खालसा कॉलेज के विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरुनानक** खालसा कॉलेज के विद्यार्थी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की परीक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त कर रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने बताया कि एमएससी भूगोल प्रथम सेमेस्टर में पहले 10 में 7 विद्यार्थी अकेले गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल से मेरिट में आए हैं। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज की होनहार छात्रा ज्योति ने 68.4 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं कॉलेज के ही छात्र सचिन ने 67.6 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दूसरा, शुभम ने 67.4 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में तीसरा, जैस्मिन ने 66.2 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में पांचवा, प्रज्ञा ने 63 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में आठवां, तान्या ने 62.2 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में नौवां तथा पूजा ने 61.2 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क ने कालेज पहुंचने पर सभी मेरिट में आए छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया और उन्हें कॉलेज की तरफ से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

# बिना रोक टोक धड़ल्ले से गुजर रहे मिट्टी से भरे ओवरलोड वाहन


**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर : क्षेत्र में** बिना रोक टोक सड़कों से गुजर रहे मिट्टी से भरे ओवरलोड वाहन दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। नियमों की धज्जियां उड़ा रहे इन ओवरलोड वाहनों की तरफ प्रशासन आंखे मूंद कर हादसों का इंतजार कर रहा है। इतना ही नही इन ओवरलोड वाहनों ने शहर की दशा भी बिगाड़ कर रख दी है। कुछ वाहन चालक मिट्टी पर तिरपाल भी नहीं ढकते, जिससे शहर में हर समय धूल भरी आंधी उड़ती रहती है और शहर की सड़कें मिट्टी से अट गई हैं। ऐसे वाहन चालक दुकानदारों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। शहर के बीएसटी रोड़,नमस्ते चौक व तहसील रोड़ पर चल रहे मिट्टी के ओवरलोड वाहनों को लेकर न तो स्थानीय प्रशासन सख्त है और न ही आरटीओ विभाग कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है।

# पत्नी की मौत के बाद पति ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। करनाल में पत्नी** की मौत के बाद पति ने सुसाइड कर लिया। उसकी पत्नी कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती थी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद युवक मेडिकल कॉलेज की छठी मंजिल पर पहुंचा और छलांग लगा दी। मृतक युवक के परिजनों ने विवाहिता की मां और उसकी बहन पर छलांग लगाने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय आशु निवासी पानीपत के रूप में हुई है। वह धागा फैक्ट्री में काम करता था। मृतक की बहन नीलम ने बताया कि उसकी भाई की 6 माह पहले ही पानीपत की रहने वाली काजल से शादी हुई थी। तीन दिन पहले काजल को बुखार आया था। इसके बाद उसे पानीपत के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। नीलम ने बताया कि काजल गर्भवती भी थी। बुखार के कारण उसका मिसकैरेज भी हो गया। जिसके चलते पानीपत के अस्पताल में ही उसका ऑपरेशन हुआ, लेकिन ऑपरेशन के बाद ब्लीडिंग नहीं रूकी। इस पर बीते कल उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती ररकरवाया गया, लेकिन सुबह 3 बजे की उसकी मौत हो गई। भाई को विवाहिता की बहन और मां ने भडकाया। उस दौरान वहां पर काजल की मां और बहन भी मौजूद थी। मां और बहन ने उसके भाई आशु को कहा कि अब तक तो काजल नहीं रही। अब तू जिंदा रहकर क्या करेगा। अब तू भी मर जा। इसके बाद उसका भाई भी मेडिकल कॉलेज की छठी मंजिल पर चढ़ गया और वहां से छलांग लगा दी। सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मेडिकल कालेज में मरीजों-सुरक्षाकर्मियों की बीच हुई झड़प

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। कल्पना चावला** राजकीय मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड व मरीजों बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इसके विरोध में अस्पताल के सिक्योरिटी गार्डो ने धरना शुरू कर दिया। उधर दूसरे पक्ष का कहना है कि उनके साथ सिक्योरिटी गार्ड व अन्य लोगों ने मारपीट की है। धरने पर बैठे सिक्योरिटी गार्डो ने कहा कि बाहर से आए लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड और उनके सुपरवाइज? पर हमला किया ह, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइज? का इस मामले में कहना है कि मेडिकल कॉलेज का एक प्रवेश द्वार निदेशक कार्यालय के आदेश अनुसार सुरक्षा के लिहाज से शाम को बंद किया जाता है। इसी दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर इसी रास्ते से आए। उनका आरोप है कि सिक्योरिटी गार्ड के टोकने पर वह लोग मारपीट पर उतारु हो गए। सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट के विरोध में मेडिकल कॉलेज के सभी सुरक्षा कर्मियों ने हड़ताल शुरू कर दी और कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती वह डटे रहेंगे। इंद्री निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी सुमन की डिलीवरी के लिए 3 दिन पहले मेडिकल कॉलेज आया था। रात को उसकी पत्नी ने एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद वह अपने बहन के घर से कंबल व न कपड़े लेने के लिए गया था। रात को वह इंडिया राय की तरफ मेडिकल कॉलेज के गेट से अंदर आने लगा। इस दौरान गार्ड ने उसे रोका और वहां आने से मना किया। इस बात को लेकर उनकी आपस में कहा सुनी हुई और फिर मारपीट में बदल गई। उसका कहना है कि डॉक्टर और अन्य 15-20 सुरक्षाकर्मियों ने उसके साथ, उसकी बहन और उसकी मां के साथ, उसके भांजे के साथ मारपीट की है।

# यमुना जी के प्राकट्य दिवस पर कुंडा कला सूर्य घाट पर उमड़ेगी श्रद्धा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मां यमुना सेवा** समिति की ओर से 14 अप्रैल को करनाल जिले में यमुना के कुंडा कला सूर्य घाट पर यमुना जी प्राकट्य दिवस मनाया जाएगा। सुबह छह बजे यमुना तट पर हवन-यज्ञ और महाआरती की जाएगी। तदोपरांत भंडारा चलेगा। संत प्रेमपाल सागर के सानिध्य में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां समिति के सेवादारों की ओर से जोरशोर से की जा रही हैं। संत प्रेमपाल सागर ने मंगलवार को विकास क्लब भवन कुंजपुरा स्थित समिति मुख्यालय में सेवादारों से वार्ता के बाद यमुना के कुंडा कला सूर्य घाट का निरीक्षण किया। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मां यमुना जी के आध्यात्मिक महत्व को कायम रखने और प्रदूषण मुक्त बनाने की मुहिम के तहत इस बार यमुना मैया की जयंती मनाने का निर्णय लिया है। किसी भी क्षेत्र से कोई भी श्रद्धालु इस आयोजन में भाग ले सकता है बशर्ते वह ऐसी कोई सामग्री साथ लेकर न आए जिससे यमुना में प्रदूषण उत्पन्न हो। इस अवसर पर श्रद्धा की डुबकी लगाने के साथ ही श्रद्धालु यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प भी दोहराएंगे।


# निस्सान मोटर इंडिया पेश करते हैं दिल्ली-एनसीआर ओपन 2024

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः निस्सा**न मोटर इंडिया और टाटा स्टील प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने निस्सान प्रेजेन्ट्स दिल्ली-एनसीआर ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप 2024 की घोषणा की है, जिसका आयोजन 10 से 13 अप्रैल 2024 के बीच नोएडा गोल्फ कोर्स में होगा। प्रो-एएम इवेंट का आयोजन 9 अप्रैल को होगा। टूर्नामिन्ट के लिए रु 1 करोड़ की पुरस्कार राशि तय की गई है। यह टूर्नामिन्ट का छठा संस्करण है, जिसमें टॉप भारतीय पेशेवर हिस्सा लेंगे जैसे 2024 इंडियन ओपन रनर-अप वीर आहलावत, एसएसपी चौरसिया, अजीतेश संधु, पूर्व चैम्पियन मनु गंडास, राशिद खान, अमन राज और डीफेंडिंग चैम्पियन गौरव प्रताप सिंह तथा अन्य पूर्व चैम्पियन उदयन माने और हनी बाईसोया। वीर आहलावत, मनु गंडास, राशिद खान, गौरव प्रताप सिंह और हनी बाईसोया के अलावा दिल्ली-एनसीआर से अन्य जाने-माने गोल्फर्स भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं ।जैसे सचिन बाईसोया, शमीम खान, अभिनव लोहान और अमरदीप मलिक। विदेशी खिलाड़ियां की बात करें तो श्रीलंका से एन थंगराजा और के प्रबागरन, बांग्लादेश से जमाल हुसैन और बादल हुसैन, अंदोरा से केविन एस्टीव रिगैल और रूकी जैसे पीजीटीआई क्वालिफाइंग स्कूल के विजेता चिली से मटिआस डोमीन्गेज, नेपाल से सुभाषा तमांग, इटली के माइकल ऑटोर्लानी और चेकिया के स्टीपन डेनेक शामिल होंगे। तीन शौकीन खिलाड़ी- सिमरजीत सिंह, विनम्र आनंद और राज सिंह भी मैदान में उतरेंगे। नोएडा गोल्फ कोर्स के सचिव डॉ स्टीवन मेनेजेज ने कहा, हम नोएडा गोल्फ कोर्स में दिल्ली-एनसीआर ओपन की वापसी का स्वागत करते हैं।

# दर्दनाक हादसाः ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलने से युवक की मौत

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के गांव** पोपडा में सडक हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। गड्डे के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ा तो युवक सडक पर जा गिरा और गेंहू से भरी ट्राली के पिछले पहिए के नीचे सिर कुचलने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया। आज शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया गया। ग्रामीण संदीप ने बताया कि सोमवार देर शाम को गांव पोपड़ा निवासी 32 वर्षीय प्रदीप गांव गंगाटेहड़ी से बाइक पर सवार होकर अपने गांव पोपड़ा की तरफ आ रहा था। जब वह स्कूल के पास पहुंचा तो उसकी बाइक सडक के गड्डे में जा लगी और बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे प्रदीप सडक पर जा गिरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर ट्राली के पिछले टायर के नीचे उसका सिर आ गया। संदीप ने बताया कि जब युवक का सिर ट्राली के नीचे आया तो एकदम धमाके की आवाज आई। लोग मौके पर एकत्रित हुए और देखा की प्रदीप का सिर पूरी तरह से फट चुका था और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसके बाद मामले की सूचना मृतक के परिजनों व असंध थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने शव व ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। ग्रामीण संदीप ने बताया कि प्रदीप का पिता रामफल दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। प्रदीप का एक बड़ा भाई है और एक छोटी बहन है। उसकी छोटी बहन काफी समय से जो बीमार चल रही है। उसका इलाज करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल में चल रहा है। सोमवार को उसका बड़ा भाई मेडिकल कॉलेज में ही अपने भाई के पास ही गया हुआ था। असंध थाना के प्रभारी गौरव पूनिया ने बताया कि पुलिस ने मौके पर मौजूद ट्रैक्टर-ट्राली व बाइक को कब्जे में ले लिया है। वहीं शव को रात को असंध पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया था। आज शव को पोस्टमॉर्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया गया। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**जांच जारी**

**8 परिजनों के हवाले कर दिया गया। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी गई**

# चुनाव अधिकारी बीजेपी विधायक के कहने पर काम कर पहुंचा रहे राजनैतिक फायदाः अनुराग ढांडा

प्रेसवार्ता

**8 परमिशन रिजेक्ट कर गालियां लिखने के मामले में चुनाव आयोग ने लीपापोती की कार्रवाई की : ढांडा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर चुनाव आयोग की निष्पक्षता का मुद्दा उठाया। उनके साथ प्रदेश संयुक्त सचिव मोना सिवाच और पंचकूला जिला अध्यक्ष रंजीत उप्पल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ साढ़े चार साल साझेदार रही जजपा में हड़कंप मचा हुआ है और जिस प्रकार पूरे हरियाणा में भाजपा के उम्मीदवारों को विरोध हो रहा है। ये स्पष्ट दिखाता है कि पूरा माहौल भाजपा और उनके किसी भी सहयोगी के खिलाफ है। भाजपा की नीतियों की वजह से और उनका साथ देने वाले हर व्यक्ति से हरियाणा के लोग नफरत करने लगे हैं। लेकिन इसको चुनाव परिणाम तबदील होने के लिए एक निष्पक्ष चुनाव का होना बहुत जरुरी है और उस निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग का निष्पक्ष होना बहुत जरुरी है। हमें बड़े खेद के साथ ये कहना पड़ रहा है कि मौजूदा स्थिति में चुनाव आयोग लेवल प्लेइंग फिल्ड उपलब्ध करा पाने में विफल है। सभी पार्टियों को जो बराबरी का मौका मिलना चाहिए वो उपलब्ध करा पाने में चुनाव आयोग नाकाम है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में कैथल में आम आदमी पार्टी ने अपने कार्यक्रमों की परमिशन के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आवेदन किया था, जिसमें परमिशन तो रिजेक्ट की ही गई साथ में गालियां लिखकर जवाब दिया गया। इस मामले में चुनाव आयोग शुरू से ही लिपापोती की कार्रवाई कर रहा है। सबसे पहले चुनाव आयोग ने पांच निचले कर्मचारियों को सस्पेंड कर मामले को रफादफा करने का प्रयास किया। जिनको सस्पेंड किया वो एचकेआरएन के तहत अनुबंधित कर्मचारी थे, उनको कौन से नियम के तहत सस्पेंड किया गया था। लेकिन जब मामला पूरे देश में चर्चा में आ गया तो खानापूर्ति करने के लिए कहा गया कि उपचुनाव अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया। चुनाव आयोग बताए कि यदि किसी जुर्म में एक उपचुनाव अधिकारी को सस्पेंड किया गया है तो चुनाव अधिकारी कैसे सुरक्षित है। न चुनाव अधिकारी निलंबित होते हैं और न उनका तबादता होता है। वो आज भी अपनी जगह पर सुरक्षित काम कर रहे हैं जबकि उनके कार्यालय में उनके अधीन इस तरह का पहला मामला देश में हुआ कि किसी पार्टी को गाली लिखकर उनकी परमिशन को रिजेक्ट किया गया हो।

आखिर इस कैथल के चुनाव अधिकारी को किसकी सह है जो इनको हाथ नहीं लगाते हैं।

उन्होंने कहा कि ये वही चुनाव अधिकारी है जो चुनाव आचार संहिता लागू होते हुए भी चुनाव आचार संहिता के दौरान भाजपा के विधायक के इशारे पर प्रशासनिक कार्रवाई को रोकते और करते हैं।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 विद्यालय में लगा दंत चिकित्सा शिविर

शिविर

**8 श्रीमती नीलम जी ने डॉ माधविका का विद्यालय आगमन एवं उचित जानकारी देने पर आभार व्यक्त किया**

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में आज राष्ट्रीय मौखिक स्वस्थ अभियान के अंतर्गत नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन डॉ माधविका खुराना दंत चिकित्सक पॉलीक्लिनिक सेक्टर -4 द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के मध्य टूथब्रश बनाकर रंग भरना प्रतियोगिता भी करवाई गई और उन्हें इनाम स्वरूप डेंटल किट दी गई । डॉ माधविका ने बच्चों को दांतों की



देखभाल एवं उचित तरीके से ब्रश करना, अच्छा खान-पान एवं दांतों की बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय आचार्या श्रीमती नीलम जी ने डॉ माधविका का विद्यालय आगमन एवं उचित जानकारी देने पर आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पलवल : पहले नवरात्र पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
चैत्र मास के नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को दुर्गा मां के स्वरूप शैलपुत्री की पूजा हुई। पहले दिन मंदिरों में अच्छी खासी भीड़ दिखी। मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा हुई, वहीं प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की कथा सुनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में भजन संकीर्तन भी हुआ।

पहले नवरात्र के दिन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पलवल में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ कमेटी चौक स्थित देवी के मंदिर में दिखी। उसके अलावा ऐतिहासिक जंगेश्वर मंदिर, खोंटा मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, पंचवटी मंदिर, ओमेक्स स्थित श्रीराम मंदिर के अलावा गांवों में स्थित मंदिरों में भी खासी भीड़ रही। मंदिरों के बाहर सजी फूलों व फलों के अलावा पूजा सामग्री की दुकानों पर खासी भीड़ रही। मंदिरों में भारी भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा के इंतजाम भी किए।

होडल के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए। श्रद्धालुओं ने माता की जोत जलाकर नवरात्र के व्रत की शुरूआत की। धूप और गर्मी से बचने के लिए सुबह के समय मंदिरों में ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। कुछ जगहों पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। वैसे भी चैत्र मास के नवरात्र में दूसरे दिन से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़नी शुरू होती है। माता रानी की पूजा अर्चना के लिए सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ शहर के प्राचीन पथवारी मंदिर में देखी गई। यहां श्रद्धालु सुबह चार बजे से ही पहुंचने शुरू हो गए।

उल्लेखनीय है कि आज से भारतीय नव वर्ष की शुरूआत भी हुई है। आज से विक्रमी संवत 2081 शुरू हो गया है। आज से लगातार नौ दिन माता रानी की पूजा अर्चना होगी।

### नारनौल : विज्ञापन तथा पेड न्यूज की 24 घंटे होगी मॉनिटरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता के क्रियान्वयन के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आने वाले विज्ञापन तथा पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए मीडिया मॉनिटरिंग एंड सर्टिफिकेशन कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी लगातार मीडिया में प्रकाशित व प्रसारित सामग्री पर नजर रखे हुए हैं।

उक्त जानकारी मंगलवार को भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग आफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित या प्रसारित नहीं करवाएंगे, जिससे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान के दिन तथा मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा। विज्ञापन प्रकाशित करने से पहले मीडिया मॉनिटरिंग एंड मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी से प्रमाणीकरण करवाना जरूरी है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। राजनीतिक विज्ञापनों की विषय-वस्तु को राज्य व जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से पूर्व-प्रमाणित करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 25 मई को लोकसभा आम चुनाव होंगे। आयोग के निदेर्शानुसार 24 व 25 मई को प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, जब तक कि राजनीतिक विज्ञापनों की विषय-वस्तु को राज्य व जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से पूर्व-प्रमाणित न करा लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए पूरे समय एमसीएमसी कमेटी से सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के बाद ही कोई विज्ञापन प्रसारित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत अपनी शक्तियों तथा इस संबंध में उसे सक्षम बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए ये निर्देश दिए हैं। टीवी, केबल नेटवर्क और केबल चैनलों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों, सिनेमा हॉल में प्रसारित होने वाले विज्ञापनों, सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो वीडियो विजुअल डिस्प्ले, ई-समाचार पत्र में विज्ञापनों, सोशल मीडिया और इंटरनेट वेबसाइट पर विज्ञापनों को संबंधित समिति द्वारा पूरी अवधि के लिए पूर्व सर्टिफिकेशन जरूरी है। सर्टिफिकेशन के बाद ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन प्रसारित किया जा सकता हैं।

## यमुनानगर:नवरात्रों पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
देश भर में माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा हेतु नवरात्रों की शुरूआत मंगलवार से हो रही है। इसी दिन हिंदू नव वर्ष का भी शुभारंभ होता है। नवरात्रों को लेकर बाजारों में खूब तैयारी की गई है। लगभग हर घर में माता के अखंड जलाई जाती है तथा मंदिरों एवं अनुष्ठानों पर ही माता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन अगले नौ दिन तक जारी रहता है। इन दोनों धर्म प्रेमी विशेष रूप से जो माता का व्रत धारण करते हैं। केवल सात्विक खाना खाकर ही वह व्रत को पूरा करते हैं। आमतौर पर इन दिनों में घरों में प्याज का खाना बंद हो जाता है, क्योंकि माता के इन दिनों को पूर्ण रूप से शुद्ध माना जाता है।

# नवरात्रों के आरंभ पर सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में हुई पूजा अर्चना

नवरात्र

**8 मां तो मां होती है चाहे वे अपनी मां हो, किसी दूसरे की मां हो या जगत मां हो- राजेश भाटिया**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर मार्किट नंबर एक में नवरात्रों के आरंभ पर भव्य पूजा अर्चना की गई। इस दौरान प्रधान राजेश भाटिया सहित अन्य मंदिर कमेटी सदस्यों ने महामाई का गुणगान किया और समाज में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रांगण में ज्वाला जी से आई हुई अखंड ज्योत द्वारा मुख्य अतिथि किशन खन्ना द्वारा ज्योत प्रचण्ड की गई। इस मौके पर प्रधान राजेश भाटिया ने सभी को नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत देश त्यौहारों का देश है और नवरात्रों के नौ दिन देशभर में उत्सव के रूप में मनाए जाते है, मंदिरों व घरों में माता की पूजा अर्चना, चौंकी व जगराते होते है और जो श्रद्धालु सच्चे मन से नौ दिन मां की अराधना करता है, उसके सभी दुख दर्द दूर हो जाते है। भाटिया ने कहा मां तो मां होती है चाहे वे हमारी अपनी मां हो, किसी और की हो या जगत मां हो, इस मौके पर विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई जो कि मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर मार्किट में घूमती हुई मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और मां की अराधना की।

इस शुभ अवसर पर मंदिर के चेयरमैन बंसीलाल कुकरेजा, किशन खन्ना, राजेश आहूजा, जनक भाटिया, रजनी खन्ना, शैला कपूर, अजय शर्मा, भव्य मलिक, भरत कपूर, सचिन भाटिया, जानवी भाटिया, प्रेम बब्बर, निखिल ढींगरा, मानव रहेजा, पर्व अरोडा, साहिल भाटिया, करण आहूजा, कार्तिक कपूर, ध्रुव चिटकारा, मानव ठाकुर, साहिल भाटिया, अनमोल गुलाटी, मनीश कपूर, सुजल मनोचा, आशीष भाटिया, चिराग वधवा, कृष्णा कुमार, दीपांशु भाटिया, ध्रुव आचार्य, मयंक डंग, ध्रुव शर्मा, प्रेम बब्बर, रविंद्र गुलाटी, संदीप भाटिया, आशीष आशी, जतिन गांधी, गौरव गुलाटी, अरविंद शर्मा, राहुल मक्कड़, अनुज नागपाल, जतिन मलिक व स्कूल की अध्यापिकाओं में सोनिया अरोड़ा, सुमन अरोड़ा, निशि अदलखा, प्रवेश भाटिया, मोनिका, रजनी बजाज, अनु भाटिया, इंदु देशवाल, नीलम सचदेवा, नीतू भाटिया, नूपुर, चाहत, रेखा वाधवा, रेखा जोहरा, सीमा भाटिया, श्वेता कौर, अशोक बैसला, विकास शर्मा, राकेश मेहंदीरत्ता, पूर्व पार्षद राजेश भाटिया, एसीपी दर्शन लाल मलिक, अमित नरूला, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, विशाल भाटिया व अन्य अतिथिगण शामिल रहे।

# कुवि में आयोजित संवेदीकरण व अभिमुखता कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर ऑनलाइन माध्यम से आयोजित हो रहे 9वें संवेदीकरण व अभिमुखता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर जयंती दत्ता, निर्देशिका, मानव संसाधन विकास संस्थान पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ द्वारा किया गया।प्रोफेसर जयंती दत्ता ने छात्र विविधता तथा समावेशी शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षकों को अपनी कक्षा में सभी छात्रों की पृष्ठभूमि तथा



विविधता के बारे में जागरूक रहना चाहिए। एक शिक्षक का सबसे महत्वपूर्ण कार्य चिंतन करना है। छात्र विविधता शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाती है। भारत सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र नामांकन बढ़ाने में कार्यरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ग्रोस इनरोलमेंट रेशो को 50 प्रतिशत बढ़ाने अपनी शिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक शिक्षक अपनी शिक्षण पद्वति में छात्र विविधता के अनुसार बदलाव करे और विशेषकर अल्पसंख्यकों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

## जल्द आएगी कांग्रेस की सूची :भूपेंद्र हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी। मंगलवार को बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के बाद भूपेंद्र हुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के पास प्रत्याशियों की कमी नहीं है। सभी सीटों पर कई-कई लोगों ने चुनाव लड ? के लिए आवेदन किया है। पार्टी की कमेटियों द्वारा प्रत्येक पहलू को आधार बनाकर आवेदनों की जांच करके पैनल तैयार किया गया। जिसके बाद पैनल की छंटनी करके एक सूची केंद्रीय चुनाव कमेटी को भेज दी गई है। सभी दस सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं।

# चौपाल हरियाणा केसरी वेब श्रृंखला और लघु फिल्म मिडनाइट के द्वारा संस्कृति के उत्थान का कार्य कर रहा हैः अजय हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
आज मंगलवार एक निजी रेस्तरां में हरियाणवी संस्कृतिक व हरियाणवी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में हरियाणा के कलाकारों ने रोहतक में एक साथ एक मंच पर आकर मीडिया कर्मियों से रूबरू की। जिसमें प्रमुख रूप से अजय हुड्डा, राखी लोचब, तरूण मोर, चिराग भसीन, दीपक हुड्डा, जयवीर सिंह और अजयवीर सिंह कंटेंट हेड चौपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार अजय हुड्डा ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति का हिस्सा होने पर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणवी सिनेमा आज नई ऊंचाईयों को छू रहा और चौपाल ओटीटी प्लेटफॉर्म हरियाणवी सिनेमा को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चौपाल हरियाणा केसरी वेब श्रृंखला और लघु फिल्म मिडनाइट के द्वारा हरियाणवी संस्कृति के उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्म मिडनाइट एक पारिवारिक लघुकथा है जिसमें पति एक सेना अधिकारी है और वह ज्यादातर समय काम सिलसिले में बाहर रहता है। यह लघुफिल्म एक सैनिक के भरोसे की परीक्षा की कहानी है। मिडनाइट के अभिनेता और लेखक अजय हुड्डा ने कहा की हमारी फिल्म मिडनाइट चौपाल पर आ रही है और सभी को उन्होंने इस फिल्म को देखने का आग्रह किया।

इस अवसर पर हरियाणा केसरी की अभिनेत्री राखी लोचाब ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म हरियाणा केसरी सभी के लिए है फिल्म की कहानी बहुत खूबसूरत है और आप सभी इस फिल्म को अपने परिवार के साथ देख सकते हैं। फिल्म में दीपक हुड्डा और नवीन ओहल्याण जैसे शानदार अभिनेता है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म 11 अप्रैल को ओटीटी चौपाल पर स्ट्रीम होगी।

चिराग भसीन और तरूण मोर ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति बहुत गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि हम सब कलाकार अपनी कला के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को देश व विदेश में फैलाना चाहते है। अजयवीर सिंह कंटेंट हेड चौपाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री पेश करके हरियाणवी सिनेमा को नया रूप देना है और साथ ही हरियाणवी और हिंदी सिनेमा के बीच की रेखाओं को कम करना है और यह सुनिश्चित करना है कि दोनों का समान महत्व हो।

# यमुनानगरः नवरात्रों पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

नवरात्र

**8 मंदिरों एवं अनुष्ठानों पर ही माता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन नौ दिन तक जारी रहता है।**



**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
देश भर में माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा हेतु नवरात्रों की शुरूआत मंगलवार से हो रही है। इसी दिन हिंदू नव वर्ष का भी शुभारंभ होता है। नवरात्रों को लेकर बाजारों में खूब तैयारी की गई है। लगभग हर घर में माता के अखंड जलाई जाती है तथा मंदिरों एवं अनुष्ठानों पर ही माता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन अगले नौ दिन तक जारी रहता है।

इन दोनों धर्म प्रेमी विशेष रूप से जो माता का व्रत धारण करते हैं। केवल सात्विक खाना खाकर ही वह व्रत को पूरा करते हैं। आमतौर पर इन दिनों में घरों में प्याज का खाना बंद हो जाता है, क्योंकि माता के इन दिनों को पूर्ण रूप से शुद्ध माना जाता है और किसी प्रकार का तामसी खाना नहीं पकाया जाता है।

जिले के सभी विभिन्न मंदिरों में माता के नवरात्रों को लेकर श्रद्धालुओं का आना जारी है। जिले के आदीबद्री स्थित प्राचीन मंदिरों में से माता मंत्रा देवी का प्राचीन मंदिर है।

कहा जाता है कि मंत्रा देवी मंदिर में माता की तपस्या करती थी तो भगवानपुर वाले स्थान पर आकर माता विश्राम करती थी। हिमाचल की सीमा से लगाते हुए गांव भगवानपुर में स्थित माता मंत्रा देवी के मंदिर में नवरात्रे को लेकर विशेष रूप से तैयारी की जाती है। मंदिर प्रबंधन समिति के बरखाराम ने बताया कि अष्टमी को विशेष रूप से हर वर्ष की तरह कन्या पूजन होता है तथा मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह हर वर्ष केवल जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के राज्यों से भी श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने पहुंचते हैं। उनका कहना था कि माता को मंत्रों की शक्ति से प्रकट किया गया था इसलिए माता मंत्रा देवी का नाम दिया गया।

# निरोहली, डूगहली, तरयांबली तथा ममाण में जागरूक किये मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर / संगराय**
सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीश चौधरी की अध्यक्षता में आज जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र 6 डूगहली, 9 निरोहली, 13 ममाण तथा 14 तरयांबली में मतदान जागरूकता के लिए विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आयोजित इन जागरूकता शिविरों में आगामी 1 जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं से बढ़-चढकर भाग लेने का आहवान किया गया।

इस दौरान उपस्थित मतदाताओं को



संबोधित करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीश चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आम लोकसभा चुनाव-2019 में 60 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाले मतदान केंद्रों के लिए चुनाव आयोग ने मिशन 414 की शुरूआत की है। मिशन 414 के तहत कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में मत प्रतिशतता बढ़ाने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है। इसी मिशन के तहत 31-जोगिन्दर नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भी कुल ऐसे 20 मतदान केंद्र चिन्हित किये गए हैं जिनमें गत आम लोकसभा चुनाव के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में देश के नागरिकों को मतदान के माध्यम से अपनी मनपसंद सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है। ऐसे में सभी मतदाताओं से बढ़-चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि कम मतदान वाले इन मतदान केंद्रों में महिलाओं के मुकाबले पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत बेहद कम दर्ज हुआ है।

इन मतदान केंद्रों से जुड़े बहुत से पुरुष मतदाता रोजगार के लिए प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों सहित अन्य प्रदेशों में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने के लिए सरकार द्वारा सरकारी व निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों को वैतनिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाती है, ऐसे में दूसरे प्रदेशों में रोजगार के लिए गए मतदाताओं से मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आह्वान किया है।मनीश चौधरी ने संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों, बूथ लेवल अधिकारियों, पंचायत सचिवों एवं पटवारियों से भी प्रदेश के बाहर कार्यरत ऐसे सभी मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया।एसडीएम ने कहा कि एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा आगामी 4 मई तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए वे चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप को स्मार्टफोन में डाउनलोड कर सकते हैं

# संस्कार भारती कुरुक्षेत्र द्वारा नव सम्वत के अवसर पर यज्ञ,भजन एवं सूर्य अर्घ्य का कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
संस्कार भारती कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा नव सम्वत् के अवसर पर राष्ट्र हित एवं सम्पूर्ण समाज में खुशहाली हेतु यज्ञ, भजन एवं सूर्य अर्घ्य का आयोजन किया गया । कल प्रातःकाल 9 अप्रैल को प्रातः 5.00 बजे यज्ञ का आयोजन किया गयाजिसमें प्रसिद्ध समाजसेवी मुख्य यजमान के रूप में आशीष सभ्रवाल एवं श्रीमती राधिका सभ्रवाल ने आहुति डाली और सर्व कल्याण की कामना की कार्यक्रम में सूर्योदय होते ही सबने मिलकर सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इसके बाद संस्कार भारती के सदस्य विकास रल्हान,अक्षि



गोयल,स्वरित,जय,रवीन्द्र भट्ट,सूरज पाल सिंह ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

नववर्ष का यह कार्यक्रम सूर्य मंदिर,सन्निहित सरोवर के प्रांगण में किया गया। संस्कार भारती कुरुक्षेत्र के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सपरिवार पहुँच कर नववर्ष पर सबके लिए मंगल कामना की।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 10 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## "काशी की" कार्यक्रम में शामिल होंगे 20 देशों के राजदूत

**वाराणसी:** बनारस के बुनकरों के शिल्प और हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन ने दो दिवसीय कार्यक्रम 'धरोहर काशी की' का आयोजन 13 अप्रैल से किया है। कार्यक्रम में दूसरे दिन 14 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा नमो घाट पर अपने फैशन शो में बनारस के बुनकर शिल्प को प्रदर्शित करेंगे। शो में बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन और अभिनेता रणवीर सिंह रैम्पवॉक करेंगे। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "धरोहर काशी की" कार्यक्रम के एक भाग के रूप में 13 अप्रैल को 20 देशों के राजदूत काशी विश्वनाथ दरबार में आएंगे। दर्शन पूजन के बाद मेहमान गंगा आरती में शामिल होंगे। आईएमएफ कन्वीनर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि "यह कार्यक्रम वंदे भारत के माध्यम से नई दिल्ली से वाराणसी तक यात्रा करने वाले 20 से अधिक देशों के राजदूतों के साथ शुरू होगा। जो पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए गए प्रौद्योगिकी-संचालित विकास का अनुभव करेंगे। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल की शाम गंगा आरती में भाग लेने के दौरान, विभिन्न देशों के राजदूत प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल 'विकास भी, विरासत भी" का भी अनुभव करेंगे, जिसमें सरकार भारत की समृद्ध, पुरानी विरासत को फिर से जीवंत और सुंदर बनाने में सक्रिय रूप से शामिल है। उन्होंने बताया कि बनारस के हस्तशिल्प और हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए मेगा प्रदर्शनी 14 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि काशी की भूमि बुनकर समुदाय का घर है, जिनके पास बनारसी रेशम सहित पारंपरिक हथकरघा बुनाई का एक लंबा इतिहास रहा है।

## विंध्यधाम: दुकान पर लगे मीटर में लगी आग, अफरा-तफरी

**मीरजापुर:** विंध्यवासिनी मंदिर के पश्चिम पुराने विशिष्ट मार्ग पर स्थित मुख्य मंदिर द्वार के बगल में मंगलवार की दोपहर के वक्त एक प्रसाद की दुकान के बाहरी दीवार पर लगे बिजली का मीटर अचानक धू-धू कर जलने लगा। अग्निशमन यंत्र से फौरन आग पर काबू पाया गया। मीटर में जैसे ही आग लगी तो अफरा-तफरी मच गई। दर्शनार्थी इधर-उधर भागने लगे। ड्यूटी पर तैनात अग्निशमन विभाग के कांस्टेबल अजय कुमार यादव ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए पास में मौजूद अग्निशमन यंत्र से फौरन आग पर काबू पाया।

# हमने समाज को जाति-खेमे में नहीं बांटा: योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए आयोजित जनसभा में मांगा समर्थन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने बदलते भारत को देखा है। 2014 के पहले भारत के पासपोर्ट का सम्मान नहीं था। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट कर देता था लेकिन आज तेज से पटाखा भी बज जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है, जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामपुर में सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने उपस्थित लोगों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रामपुर से दूसरी बार घनश्याम लोधी को जिताने की अपील की।

**हमने समाज को जाति-खेमे में नहीं बांटा:** सीएम ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। पीएम मोदी ने करतारपुर साहब कॉरिडोर बनवा दिया तो अयोध्या में भी 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ और राम मंदिर का निर्माण हुआ। हमने समाज को जाति-खेमे में नहीं बांटा। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ नहीं दिया। हमने कहा कि भारत के हर नागरिकों का यहां के संसाधनों पर अधिकार है। अब जाति, मत-मजहब के आधार पर योजनाएं नहीं बनतीं, चयन का आधार 'सबका साथ-सबका विकास' है। विकास सबका लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं। मोदी सरकार हर चेहरे पर खुशहाली ला रही है।

**पहले चुनने के बाद यहां लोग दिखाई नहीं देते थे:** योगी ने कहा कि पहले लोग चुनने के बाद दिखाई नहीं देते थे।

वे विकास की नहीं, परिवार की बात करते थे। उपचुनाव में आपने भाजपा के घनश्याम लोधी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपनी सरलता के अनुरूप रामपुर के विकास के लिए कार्य किया। रामपुर की पांच में से चार विधानसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनाव जिताया। हमारे सभी विधायक विकास योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें यह चुनाव विकसित भारत के लिए लड़ना है। विकसित भारत के अभियान को बढ़ाने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनानी है।

**साधा निशाना**

> आज तेज से पटाखा भी बज जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है: सीएम

**हम रामपुर को चीनी मिल की सौगात देंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रविलास चीनी मिल की कार्रवाई के लिए पैसा आवंटित कर दिया है। मैंने कहा है कि डीपीआर तैयार कराकर शेष कार्रवाई आगे बढ़ाओ, जिससे आने वाले समय में रामपुर को नई चीनी मिल की सौगात दे सकें। अन्नदाता किसानों की वर्षों से इस मांग को हम समयबद्ध ढंग से पूरा कर पाएंगे। हमने अपने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा है कि विकास के मुद्दे पर पीछे नहीं हटना है। विकसित भारत के लिए विकसित उप्र, विकसित उप्र के लिए विकसित रामपुर बनेगा। विकसित रामपुर, जहां उसकी पहचान हो, आपके नाम से कोई भयभीत न हो। लोगों के मन में सम्मान का भाव हो। किसी गरीब की जमीन पर कोई कब्जा का दुस्साहस न करे। हमें ऐसा रामपुर देना है, जहां हर किसी का सम्मान व सबको सुरक्षा हो। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, बलदेव सिंह औलख, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, रामपुर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, विधायक राजबाला, आकाश सक्सेना, शफीक अंसारी, जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू आदि मौजूद रहे।

## अजय राय ने भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं पर लगाया विराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वाराणसी से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं पर मंगलवार को विराम लगा दिया। बयान जारी कर उन्होंने कहा कि भाजपा अफवाह फैला रही है। भाजपा में जाने की चर्चाओं को भ्रामक बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा परेशान है और डरी है, भाजपा लोगों के राजनीतिक और सामाजिक चरित्र पर कुठाराघात करती है। हम सब कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हैं और जीवन भर करते रहेंगे। निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी ने जो सम्मान और प्यार हमें दिया है। इस कर्ज को जीवन पर्यंत नही उतार सकते। मैं अपने काशी के लोगों से आग्रह करूंगा कि इस बार मैने पहले कहा था कि लड़ाई चौकस होगी। आज लड़ाई चौकस और चौचक होती जा रही है। ह्यमैं फिर कहूंगा भाजपा के लोग भ्रम में न रहें, काशी में लड़ाई चौकस होगी।

## बिना किसी रोक-टोक के अमौसी एयरपोर्ट से भागे तस्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भागे तस्करों से जुड़े मामले में एक नया वीडियो सार्वजनिक हुआ है। इसमें साफ दिख रहा है कि गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन तस्करों को रोकने की कोई भी कोशिश नहीं की। वहीं एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि तस्करों को रोकने की पूरी कोशिश की गई है। अमौसी एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) तैनात है। यहां एक अप्रैल को शारजाह से फ्लाइट (6ए-1424) अमौसी एयरपोर्ट पहुंची। कस्टम विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान 36 तस्करों को हिरासत में लिया था।

उनमें से 30 तस्कर अपने पेट में सोना छिपाकर लाए थे। दो अप्रैल की शाम को उनमें से 29 लोग भाग गये थे

**जांच जारी**

> एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि तस्करों को रोकने की पूरी कोशिश की गई है



श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर भगवान को अति विशेष वस्त्र पहनाया गया है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2081 है तथा आज से ही अयोध्या राम मंदिर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो चुका है, जो राम नवमी तक चलेगा।

## 13 को देवभूमि पर मतदाताओं को साधेंगी प्रियंका गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** लोकसभा चुनाव को लेकर अब कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी चुनावी रण में उतरने वाले हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को उत्तराखंड के गढ़वाल और हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के चुनावी दौरे पर रहेंगी। कांग्रेस दोनों लोकसभा सीट पर प्रियंका की जनसभा को सफल बनाने में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार गणेश गोदियाल के समर्थन में रामनगर में और हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार विरेंद्र सिंह रावत के समर्थन में रूड़की में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी नई दिल्ली से चलकर प्रातः 11:50 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्राउंड रामनगर (नैनीताल) पहुंचेंगी, जहां चुनावी जनसभा करेंगी। इसके बाद दोपहर तीन बजे डीएवी ग्राउंड रूडकी (हरिद्वार) में चुनावी सभा को संबोधित करने के उपरांत नई दिल्ली प्रस्थान करेंगी।

**तैयारियां शुरू, कार्यकर्ता घर-घर पहुचाएंगे कांग्रेस संदेश:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी चुनावी जनसभा की तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि पूरे जोश के साथ प्रियंका गांधी की चुनावी जनसभाओं की तैयारी में जुट जाएं, ताकि कांग्रेस पार्टी का संदेश घर-घर पहुंचाया जा सके।

**तैयारी**

> सभी कार्यकर्ता जोश के साथ प्रियंका की चुनावी जनसभाओं की तैयारी में जुट जाएं

## तरसेम हत्याकांड: अब तक सात आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड के नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का एक मुख्य आरोपित अमरजीत मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया है। पुलिस ने इसको लेकर आज बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार अमरजीत के तार आतंकवादियों से जुड़े थे। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। इस हत्या के पीछे के कारणों को जानने के लिए पुलिस कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि बाबा की हत्या के पीछे कई नामी-गिरामी चेहरों के होने की संभावना है। जिन दो व्यक्तियों ने बाबा तरसेम सिंह की हत्या की थी, वह दोनों सुपारी किलर थे। पुलिस ने हत्याकांड में कुल 11 आरोपित चिन्हित किए हैं। इस मामले में अब तक सात आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। मुख्य आरोपितों में से आज एक पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो चुका है। जबकि तीन आरोपित फरार चल रहे हैं। हालांकि अभी बाबा तरसेम सिंह की हत्या का कारण भी स्पष्ट नहीं हो सका है। उधमसिंह नगर जनपद के नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपित बदमाश अमरजीत उर्फ बिट्टू के साथ हरिद्वार में पुलिस की हुई मुठभेड़ के संबंध में कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि सोमवार की देर शाम एसटीएफ एसएसपी हरिद्वार को बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित इनामी बदमाशों के सहारनपुर से हरिद्वार भगवानपुर कलियर होकर मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश जाने की गुप्त सूचना मिली।

**धरपकड़**

> आतंकवादियों से जुड़े हैं पुलिस मुठभेड़ में ढेर अमरजीत के तार, अब तक सात आरोपित गिरफ्तार

## उप्र: अब तक 13,61,464 लोग पाबन्द किए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में आठ अप्रैल को पुलिस ने आपराधिक व्यक्तियों के दो लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 25 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत 75,593 लोगों को पाबन्द किया। 16 मार्च से अब तक 13,61,464 लोग पाबन्द किये गये।

वहीं, 266 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 241 कारतूस व चार बम सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 121 केन्द्रों पर रेड डाली और 06 केन्द्रों को सीज किया गया।

## पीएम ने विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया: धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने में देवभूमि के प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है। मोदी की गारंटी है सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चिन्यालीसौड़ राजकीय महाविद्यालय में टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में आयोजित जनसभा और रैली में प्रतिभाग करते हुए कही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत, हर घर जल हर घर नल ,लखपति दीदी, जैसे एक से एक कार्यक्रम उनकी लोकप्रिय भाजपा ने जनता को दिए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन 10 सालों में विश्व में भारत का मान-सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। मोदी जी ने संकल्प लिया है कि वह गरीबी और पिछड़ेपन को जड़ से समाप्त कर देंगे। मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और प्रदेश के विकास के लिए उन्होंने भरपूर सहयोग प्रदान किया है। अब तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने की जिम्मेदारी जनता की है। मुख्यमंत्री धामी ने सभा में उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए राज्यलक्ष्मी शाह के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता अपने आशीर्वाद से राज्य लक्ष्मी को जरूर जिताएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से कांग्रेस में लोकसभा के टिकट के लिए लाइन लगी रहती थी। सिफारिश लगाई जाती थी।

**वोट की अपील**

> पीएम मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का देवभूमि के नागरिक का सहयोग अपेक्षित: धामी

## जनरल सिंह और जोशी ने की त्रिवेंद्र के पक्ष में मतदान की अपील




**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** कैबिनेट मंत्री जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल सिंह ने आज हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा सांसद उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत के समर्थन में आयोजित प्रबुद्ध, सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित किया। मंगलवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रुड़की स्थित बीएसएम इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध, सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान किया और हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और प्रबुद्ध एवं सैनिक सम्मेलन में उपस्थित जनों से हरिद्वार लोकसभा से सांसद उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, विधानसभा प्रभारी मधु सिंह, लोक सभा सह प्रभारी आदित्य चौहान, संजीव तोमर, मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी, जिला महामंत्री अरविंद गौतम, मनोहर लाल शर्मा, जिला संयोजक दयाराम, गौरव कौशिक, सौरव गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**स्वागत**

> कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया

## मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ेगा विधायक बेटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजीपुर:** मऊ जिले से सदर विधायक और मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी है। ईद से ठीक पहले 10 अप्रैल को मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ा जाएगा। जिसमें विधायक अब्बास अंसारी भी शामिल होंगे। फिलहाल अब्बास अंसारी कासगंज जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उन्हें 13 अप्रैल को वापस जेल भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसके बाद उनके जनाजे में शामिल होने के लिए अब्बास अंसारी ने कोर्ट से अर्जी लगाई थी। उस समय इजाजत नहीं मिल पाई। इसके बाद मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को पिता के फातिहा में शामिल होने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने 11 अप्रैल और 12 अप्रैल को विधायक अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की छूट भी दी है।

## सुरक्षा बलों को प्रदेश के मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी निगम की 7 हजार बसें

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए परिवहन निगम ने भी कमर कस ली है। प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र तक सुरक्षाबलों को पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की 7 हजार से ज्यादा बसों को तैयार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सभी सात चरणों में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को ड्यूटी पर पहुंचाने के लिए बसों के प्रबंध में जुट गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सभी सातों चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाने हैं। ऐसे में प्रदेश के एक-एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की है। इन सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम से बसें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

**कसी कमर**

> प्रदेश पुलिस की मांग पर परिवहन निगम ने बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कसी कमर



**सभी सात चरणों के लिए बसों की मांग:** पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एल आर कुमार की ओर से परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में निगम से सभी सात चरणों के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए कुल 7051 बसें उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग संख्या में बसें मांगी गई हैं। इसके अनुसार, 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608 बसों की मांग है तो 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान हेतु 657 बसों की डिमांड है। इसी तरह 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण यानी एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसें उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इन बसों के माध्यम से बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिस जवानों को मतदान स्थलों तक पहुंचाने में आसानी होगी और मतदान कार्य को पूर्ण सुरक्षा के बीच संपन्न कराया जा सकेगा।

**10 प्रतिशत रहेंगी रिजर्व:** पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणों में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। चरणवार निर्वाचन के बाद चुनावी जनपदों से कुछ पुलिस बल अपने मूल नियुक्त जनपद वापस जाएगा एवं कुछ जनपदों का नया पुलिस बल संचारित करेगा, जिसके उपयोग हेतु कुछ बसें वापस होंगी एवं कुछ नई बसें बढ़ेंगी।